पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 20 ◆ अंक - 23 ◆ रायपुर 05 जून 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### मोदी ने एनडीए गठबंधन को मिली जीत को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीत बताया

# एनडीए को मिली 292 सीट, नरेन्द्र मोदी ने लगाया हैट्रिक

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को मिली जीत को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीत बताया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने देशहित में अनेक अभूतपूर्व फैसले लिए हैं। तीसरे कार्यकाल में देश नए फैसलों का एक अध्याय लिखेगा और यह मोदी की गारंटी है।**

तीसरे कार्यकाल में एनडीए सरकार का बहुत ज्यादा जोर हर तरह के भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने का होगा। पीएम मोदी ने भाजपा के केंद्रीय कार्यालय विस्तार में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी के भारत को अगर आगे बढ़ना है तो उसे लगातार भ्रष्टाचार पर तेज प्रहार करना ही होगा। डिजिटल इंडिया और टेक्नोलॉजी ने भ्रष्टाचार के अनेक रास्ते बंद कर दिए हैं। लेकिन यह भी सच है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई दिनों-दिन कठिन हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को मिली जीत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की, भारत के संविधान पर अटूट निष्ठा की, विकसित भारत के प्रण की और सबका साथ-सबका विकास के मंत्र की जीत है। ये 140 करोड़ भारतीयों की जीत है। जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं ने इस चुनाव मे रिकॉर्ड वोटिंग कर अभूतपूर्व उत्साह दिखाया है और दुनियाभर में भारत को बदनाम करने वाली जो ताकतें हैं, उनको आईना दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह भावुक पल है।

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी लोकसभा सीट पर लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की है. पीएम मोदी ने कांग्रेस के अजय राय को मात दी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 6 लाख 12 हजार 970 वोट मिले हैं, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय को 4 लाख 60 हजार 457 वोट मिले हैं. पीएम मोदी ने वाराणसी सीट पर 1 लाख 52 हजार 513 वोट से जीत दर्ज की है. दरअसल, पीएम मोदी इससे पहले साल 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कर संसद पहुंचे थे. नरेंद्र मोदी लगातार एक ही सीट से जीतने वाले तीसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं. इससे पहले ये रिकॉर्ड देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी के नाम दर्ज है. नेहरू तीन बार फूलपुर सीट से सांसद चुने गए, जबकि अटल बिहारी ने लखनऊ सीट से पांच बार जीत दर्ज की थी.*



**एनडीए 292**

**किसे मिले कितने वोट?**

| दल | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| बीजेपी | नरेंद्र मोदी | 612970 (जीत) |
| कांग्रेस | अजय राय | 460457 |
| बसपा | अतहर जमाल लारी | 33766 |



### पीएम मोदी ने जनता का जताया आभार...

देश की जनता-जनार्दन ने एनडीए पर लगातार तीसरी बार अपना विश्वास जताया है। भारत के इतिहास में ये एक अभूतपूर्व पल है। मैं इस स्नेह और आशीर्वाद के लिए अपने परिवारजनों को नमन करता हूं। मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम नई ऊर्जा, नई उमंग, नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ेंगे।

सभी कार्यकर्ताओं ने जिस समर्पण भाव से अथक मेहनत की है, मैं इसके लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, अभिनंदन करता हूं।

लोगों ने लगातार तीसरी बार एनडीए पर अपना भरोसा जताया है! यह भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

मैं जनता जनार्दन को इस स्नेह के लिए नमन करता हूं और उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि हम लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पिछले दशक में किए गए अच्छे कामों को जारी रखेंगे।

**मैं अपने सभी कार्यकर्ताओं को उनकी कड़ी मेहनत के लिए भी सलाम करता हूं। उनके असाधारण प्रयासों को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।**

## स्मृति ईरानी समेत 19 केंद्रीय मंत्री हारे

### कंगना रनौट- अरुण गोविल जीते, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को 8.21 लाख वोटों से जीत मिली

देश में 18वीं लोकसभा चुनाव में NDA को 291 और I.N.D.I.A. को 234 सीटें मिली हैं। वाराणसी से PM मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को 1.52 लाख वोटों से हराया है। वहीं, वायनाड और रायबरेली दोनों ही सीट से राहुल गांधी जीत गए हैं। उन्हें दोनों ही जगहों पर 6 लाख से ज्यादा वोट मिले हैं। चुनाव में 50 में से 19 केंद्रीय मंत्री हार गए हैं। अमेठी से भाजपा की स्मृति ईरानी को कांग्रेस के किशोरी लाल शर्मा ने 1.67 लाख वोटों से हरा दिया है। इसके अलावा तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर ने केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को 16 हजार वोटों से हराया है। लखीमपुर खीरी से केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी को सपा के उत्कर्ष वर्मा ने 34 हजार वोटों से हरा दिया है। उनके बेटे आशीष टेनी पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर गाड़ी से कुचलने का आरोप है। इस हादसे में 8 किसानों की मौत हो गई थी। 13 में से 5 पूर्व मुख्यमंत्रियों हार गए। इनमें दिग्विजय सिंह, भूपेश बघेल, अर्जुन मुंडा, महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला हैं। एमपी की विदिशा में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान 8.21 लाख वोटों से जीते हैं। 14 में से 3 सेलिब्रिटी को चुनाव में हार मिली है। वहीं, भाजपा कैंडिडेट कंगना रनौट मंडी सीट से जीत गई हैं।




## जीत पर मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के परिणाम जारी होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा के पक्ष में परिणाम आने पर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज का ये दिन हमारे देश और प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन है। मतगणना जारी है और देश की जनता ने लगातार तीसरी बार एनडीए को अपना आशीर्वाद दिया है, जिसके लिए मैं सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को कुल मिलाकर जितनी सीटें मिल रही है उससे ज्यादा अकेले भारतीय जनता पार्टी को मिली हैं और छत्तीसगढ़ में भी हम ऐतिहासिक जीत दर्ज कर रहे हैं। श्री साय ने कहा कि 100 दिन में हमारी सरकार ने जो काम किया है उस पर छत्तीसगढ़ की जनता ने भरोसा जताया उसके लिए हम समस्त जनता को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। हमारे लाखों कार्यकर्ता भाई-बहनों ने जो मेहनत की है उसकी बदौलत ही हम इस बहुमत को प्राप्त कर सके हैं। इसके लिए उन्होंने सभी देवतुल्य कार्यकर्ता भाई-बहनों का आभार व्यक्त किया। सीएम साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और हमारे सभी शीर्ष नेतृत्व का आशीर्वाद हम सबको मिला, जिसके परिणामस्वरूप हम छत्तीसगढ़ की 11 में से 10 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में हम चुनाव लड़े और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नबीन सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में हमने इतनी बड़ी जीत दर्ज की उसके लिए उन्हें भी बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। विष्णु देव साय ने कहा कि विधानसभा में हमने 54 सीट पर जीत दर्ज कराई और लोकसभा में भी 11 में से 10 सीट जीत हम रहे हैं। जनता ने हमें जनादेश दिया है उसपर खरा उतरना है। मोदी की गारंटी जिस पर हम काफी काम कर चुके हैं उससे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ना है।

# भाटापारा क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को मद्देनजर रख तिपहिया व चौपहिया वाहनों का भौतिक सत्यापन जरूरी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे लगातार विभिन्न मार्गो पर बढ रहीं सड़क दुर्घटना को मददेनजर रखते हुये पुलिस प्रशासन को सभी मार्गो पर चलने वाली तिपहिया व चौपहिया वाहन सवारी बस, स्कूल बस एवं स्कूल वैन के चालको के वाहन के साथ साथ चालक परिचालको को स्वास्थ्य परीक्षण व नेत्र परीक्षण कराने की दिशा मे ठोस कदम उठाना चाहिये इसके लिये यातायात व पुलिस प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर बढ रहीं सड़क दुर्घटना पर रोकथाम लगाने की दिशा मे सार्थक प्रयास करना चाहिये ताकि सड़क पर कोई भी लापरवाही पूर्वक वाहन न दौड़ा सके क्योकि नगर व क्षेत्र मे इन दिनो सैकडो की संख्या मे तिपहिया चौपहिया वाहन माल वाहक व ट्रेक्टर सहित अन्य वाहन तथा स्कूल बस यात्री बस दौड़ रहीं है जिसका भौतिक सत्यापन करने पुलिस प्रशासन ध्यान देवें क्योकि अधिकांश वाहन चालको के पास वैध लायसेंस नहीं है वहीं अनेक वाहन व वाहन चालको के पास यात्री ढोने के परमिट भी नहीं है वहीं प्रदूषण प्रमाण पत्र भी नहीं है साथ हीं तमाम तिपहिया चौपहिया वाहन चालको के पास उनके वाहन मे फर्स्ट एड बाक्स, फायर सिस्टम, स्पीड गर्वनर भी नहीं लगा है इन सबके अलावा अनेक वाहन चालक परिचालक नशे की हालत मे वाहन चला रहे है जो दुर्घटना का मुख्य कारण बनता है वहीं अनेक चालक परिचालक स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण भी नहीं करा रहे है यह कारण भी दुर्घटना की मुख्य वजह है उपरोक्त तमाम बिन्दुओं पर भाटापारा पुलिस प्रशासन शीघ्र अभियान चलावें व भाटापारा मुंगेली, भाटापारा रायपुर, भाटापारा बिलासपुर, भाटापारा पथरिया, सहित अन्य सभी मार्गो पर चलने वाली वाहनो का भौतिक परीक्षण करें ताकि शहर व क्षेत्र मे लगातार हो रहीं सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाया जा सके। नगर मे भी दुपहिया वाहन मे मोडिफाई साईलेंसर वाहन तथा फटाका फोड़ने वाले वाहनो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जरूरत है शाम होते हीं इस किस्म के वाहन चलाने वाले बडी तादाद मे सड़क पर धींगा मस्ती कर रहे है जिस पर कार्यवाही एवं रोक आवश्यक है।

## प्रशासन अभियान चलावें

# नये शाला प्रवेश सत्र के प्रारंभ होने के पूर्व स्कूलों में साज सज्जा की तैयारी

### स्कूली बच्चों के लिये भाटापारा का बाजार पूरी तरह सजकर तैयार

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** नये शिक्षा सत्र के लिये भाटापारा ब्लाक मे आगामी 16 जून से शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ होगा इसके पूर्व ब्लाक के सभी 243 स्कूल भवनों की साफ सफाई रंग रोगन व मरम्मत का कार्य करा लिया जायेगा। इसके लिये शासन से मिले आदेश के बाद ब्लाक के तमाम प्रायमरी, मिडिल, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल मे शाला प्रवेशोत्सव के पूर्व तक मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य कर लिया जायेगा। उक्त संबंध मे बीईओ रामजी पाल ने बताया कि शासन के निर्देशों का पालन करते हुये निर्धारित मापदंण्ड के अनुसार स्कूल की सफाई व रंग रोगन का कार्य किया जायेगा। भाटापारा ब्लाक मे प्राथमिक शाला के 135 भवन, पूर्व माध्यमिक शाला के 75 भवन, हाई स्कूल के 11 भवन एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के 22 भवन स्थित है जहां शाला प्रवेशोत्सव के लिये शीघ्र संपूर्ण तैयारी प्रारंभ किया जायेगा। इसी तरह ब्लाक मे निजी क्षेत्र मे नर्सरी से प्रायमरी व हायर सेकेण्डरी तक कुल 45 स्कूल है जो संपूर्ण ब्लाक मे विभिन्न लोगों द्वारा संचालित किये जा रहे है इन स्कूलों मे सेंट मेरी, मार्डन, गुरूकुल, एकलव्य, शंकराचार्य, डीडब्ल्यूपीएस, डीएव्ही, आधारशिला, मयूर, लायंस, जेसीस, सरस्वती शिशु मंदिर सहित अनेक स्कूल का संचालन निजी क्षेत्र मे एक अरसे से हो रहा है। शासकीय स्कूलो मे शाला प्रवेशोत्सव के पूर्व सभी तरह के इंतजाम किये जाने की सूचना है वहीं निजी क्षेत्र मे संचालित स्कूलों मे अभी तालाबंदी ग्रीष्मावकाश के चलते है जिसके कारण निजी स्कूल संचालको के अनेक संचालनकर्ता से मोबाईल संपर्क नहीं हो पाया फलस्वरूप उनकी क्या तैयारी है यह स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल शाला प्रवेशोत्सव के पूर्व नये कक्षाओं मे जाने वाले छात्र-छात्राओं के लिये शहर का बाजार पूरी तरह तैयार है जहां पर पुस्तक कॉपी व अन्य स्टेशनरी सामान तथा कपड़ा बाजार भी पूरी तरह तैयार है जहां विभिन्न स्कूलों के निर्धारित वेशभूषा व टाई बेल्ट बिक्री के लिये उपलब्ध है इसी तरह बाजार मे सभी उम्र के छात्र-छात्राओं के लिये जूते मोजे स्कूल छतरी टिफिन बाक्स तथा सौ प्रकार के अलग अलग किस्म के स्कूल बैग बिक्री के लिये तैयार है कुछ एक सफल छात्र-छात्राओं के पालको ने तो बजट के अनुसार अभी से धीरे धीरे खरीददारी अपने छात्र-छात्राओं के लिये शुरू कर दी है क्योकि ऐन बारिश के वक्त स्कूल शिक्षा पर इतना भारी भरकम व्यय आ जाता है कि पालकगण का समूचा बजट बिगड जाता है इसको मददेनजर रख पालक व माता पिता चिंता के साथ स्कूली तैयारी मे अभी से जुट गये है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस भवन में राजीव गांधी को किया गया याद



**भाटापारा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के शहादत दिवस पर कांग्रेस भवन मे कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस विधायक इन्द्र साव ने उक्त अवसर पर राजीव गांधी के द्वारा देश के विकास मे क्रांतिकारी योगदान को याद करते हुये उन्हे सच्चा देशभक्त बताया व कहा कि सूचना तकनीक व कम्प्यूटर तकनीक के क्रांतिकारी प्रयोग के लिये उन्हे हमेशा याद किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम मे आलोक मिश्रा ने राजीव गांधी को देश का सच्चा सपूत बताया। उपरोक्त अवसर पर सतीश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, राधेश्याम शर्मा फग्गा, रोशन हबलानी, लक्ष्मी पांडे, सत्यजीत शेंडे, दीपक निर्मलकर, त्रिलोक सिंग सलूजा, गोपाल शर्मा, महेन्द्र साहू, मोहन निषाद, उमाशंकर गुप्ता, रामेश्वर बांधे, अंजलि, भारती, मुकेश साहू, देवेन्द्र भृगु व अरूण यदू सहित बडी संख्या मे अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा कमलाकांत इंस्टीटयूट का

**भाटापारा।** स्थानीय कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट मे बीएससी तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उकाशय की जानकारी संस्था के सहायक प्राध्यापक प्रवीण विश्वास ने देते हुये बताया कि रिया वर्मा 70.94 प्रतिशत के स्थान प्रथम स्थान पर रहीं है। इसी तरह अन्य छात्र-छात्राओं ने भी उत्कृष्ट अंक अर्जित कर परीक्षा पास की है। संस्था के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर चेयरमेन मनीष शुक्ला व प्राचार्य वंदना चौहान ने इंस्टीटयूट के सभी प्राध्यापको व कार्यालय स्टाफ के साथ साथ छात्र-छात्राओ को बधाई प्रेषित की है।

# पर्यावरण की सुरक्षा हो सबकी प्राथमिकता




पर्यावरण से तात्पर्य हमारे चारों ओर मौजूद आवरण है। जिसमें पेड़-पौधे, जीव-जंतु, जल, जंगल, जमीन शामिल हैं। इनको साथ लेकर विकास की रूपरेखा तैयार की जाए तो ही पर्यावरण संरक्षित विकास की आधारशिला रखी जा सकती है। पर्यावरण के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। आश्चर्य की बात है कि हजारों वर्ष प्रकृति मानव के बिना फली-फूली, आज भी कई ऐसे स्थान मौजूद हैं जहां मानव की घुसपैठ आसान नहीं है, वहां जीवन सामान्य रूप से जारी है लेकिन मानव जीवन प्रकृति के बिना कुछ ही पल में खत्म हो जायेगा। फिर भी हम जिस डाल पर बैठे हैं उसी को तेजी से काट रहे हैं, जिसका प्रभाव अब दिखाई देने लगा है। जलवायु परिवर्तन, ग्लेशियरों का तेजी से समाप्त होना, समुद्री जलस्तर का लगातार बढ़ना आदि तनाव उत्पन्न करने वाले हैं।

वर्तमान में दुनिया भर के पर्यावरण प्रेमियों के लिए चिंता का विषय है 'मौसम में होता बदलाव'। दुनिया ने विकास से विनाश का सफर तय करना आरम्भ कर दिया है। बचपन में किताबों में इस विनाश की इबारत को पढकर मन इन चेतावनियों को दूसरी दुनिया का बता अपना पल्ला झाड़ लेता था। पर्यावरण जागरूकता, पर्यावरण प्रदूषण, पर्यावरण संरक्षण जैसे तमाम मुद्दों पर लिखने वाले लेख डराते थे। तब ऐसा लगता था शायद पर्यावरण में होने वाले बदलाव अभी कोसों दूर हैं। शायद हम इन परिवर्तनों से बचे रह जाएंगे लेकिन पर्यावरण में हो रहे परिवर्तन उन खतरों की दस्तक देने लगे हैं। ऐसा लगता है कि यदि दुनिया ने पर्यावरण संरक्षण के लिए युद्धस्तर पर काम न किया तो मौसम के बदलाव की इस तूफानी रेल को रोकना असम्भव होगा।

प्रकृति के इस परिवर्तन को दुनिया के इतिहास में जब-जब देखा गया तब-तब सभ्यता का अन्त नजदीक रहा। भारत में सिन्धु सभ्यता इसका बड़ा उदाहरण है। जहां के लोग अत्यधिक आधुनिक तकनीक से लबरेज होने के बावजूद दुनिया की तत्कालीन विकसित सभ्यता को बचा नहीं पाए। क्या वातावरण में होता बदलाव फिर सभ्यता के विनाश का संकेत है? इस वर्ष गर्मी का मौसम बेहद डरावना है। गर्मी से लोग बेहाल हैं। जिनके पास गर्मी से बचने के साधन हैं वो भी और साधनहीन लोग भी गर्मी की मार झेल रहे हैं। मौसम में होते इस बदलाव ने सबसे ज्यादा जानवरों, पक्षियों और पेड़-पौधों को परेशान करके रखा है। बहुत सारे आवारा कुत्तों के पागल होने की भी खबरें आ रही हैं। पक्षियों के मारे जाने की तस्वीरें विचलित करने वाली हैं। पेड़-पौधे सूख रहे हैं। जहां आमतौर पर पेड़-पौधों होने के कारण गर्मी का प्रभाव कम रहता था वहां इस वर्ष सारे रिकार्ड टूटतें जा रहे हैं।


- डॉ. नाज परवीन

# नियती से भेंट का दिन 'हिन्दू साम्राज्य दिवस'

**आज का दिन बहुत पावन है। आज से ठीक 350 वर्ष पूर्व ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत 1731 को (तद्नुसार 6 जून, 1674) छत्रपति शिवाजी महाराज ने 'हिन्दवी स्वराज्य' की स्थापना की थी। स्वराज्य के प्रणेता एवं महान हिन्दू राजा श्रीशिव छत्रपति के राज्याभिषेक और हिन्दू पद पादशाही की स्थापना से भारतीय इतिहास को नयी दिशा मिली। कहते हैं कि यदि छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म न होता और उन्होंने हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना न की होती, तब भारत अंधकार की दिशा में बहुत आगे चला जाता।**





महान विजयनगर साम्राज्य के पतन के बाद भारतीय समाज का आत्मविश्वास निचले तल पर चला गया। अपने ही देश में फिर कभी हमारा अपना शासन होगा, जो भारतीय मूल्यों से संचालित हो, लोगों ने यह कल्पना करना ही छोड़ दिया। तब शिवाजी महाराज ने कुछ पराक्रमी मित्रों के साथ 'स्वराज्य' की स्थापना का संकल्प लिया और अपने कृतित्व एवं विचारों से जनमानस के भीतर भी आत्मविश्वास जगाया। गोविन्द सखाराम सरदेसाई 'द हिस्ट्री ऑफ द मराठाज-शिवाजी एंड हिज टाइम' में लिखते हैं कि मुस्लिम शासन में घोर अन्धकार व्याप्त था। कोई पूछताछ नहीं, कोई न्याय नहीं। अधिकारी जो मर्जी करते थे। महिलाओं के सम्मान का उल्लंघन, हिंदुओं की हत्याएं और धर्मांतरण, उनके मंदिरों को तोड़ना, गोहत्या और इसी तरह के घृणित अत्याचार उस सरकार के अधीन हो रहे थे। निज़ाम शाह ने जिजाऊ माँ साहेब के पिता, उनके भाइयों और पुत्रों की खुलेआम हत्या कर दी। बजाजी निंबालकर को जबरन इस्लाम कबूल कराया गया। अनगिनत उदाहरण उद्धृत किए जा सकते हैं। हिन्दू सम्मानित जीवन नहीं जी सकते थे। ऐसे दौर में मुगलों के अत्याचारी शासन के विरुद्ध शिवाजी महाराज ने ऐसे साम्राज्य की स्थापना की जो भारत के 'स्व' पर आधारित था। उनके शासन में प्रजा सुखी और समृद्ध हुई। धर्म-संस्कृति फिर से पुलकित हो उठी।

कहना होगा कि चारों ओर जब पराधीनता का गहन अंधकार छाया था, तब छत्रपति शिवाजी महाराज प्रखर सूर्य की भाँति हिन्दुस्तान के आसमान पर चमके थे। शिवाजी महाराज ऐसे नायक हैं, जिन्होंने मुगलों और पुर्तगीज से लेकर अंग्रेजों तक, स्वराज्य के लिए युद्ध किया। भारत के बड़े भू-भाग को आक्रांताओं के चंगुल से मुक्त कराकर, वहाँ 'स्वराज्य' का विस्तार किया। जन-जन के मन में 'स्वराज्य' का भाव जगाकर शिवाजी महाराज ने समाज को आत्मदैन्य की परिस्थिति से बाहर निकाला। 'स्वराज्य' के प्रति समाज को जागृत करने के साथ ही उन्होंने ऐसे राज्य की नींव रखी, जो भारतीय जीवनमूल्यों से ओतप्रोत था। शिवाजी महाराज ने हिन्दवी स्वराज्य की व्यवस्थाएं खड़ी करते समय 'स्व' को उनके मूल में रखा। 'स्व' पर आधारित व्यवस्थाओं से वास्तविक 'स्वराज्य' को स्थापित किया जा सकता है।

भारत का भाग्य भी देखिए कि एक बार फिर यह देश अपने 'स्व' के साथ विश्व पटल पर प्रभावशाली भूमिका में स्थापित हो रहा है। एक बार फिर भारत सहित दुनियाभर में बसे भारतीय नागरिकों के हृदय आत्मविश्वास और आत्मगौरव से भर गए हैं। इस स्थिति में आज की शासन व्यवस्था को हिन्दवी स्वराज्य की नीति और सिद्धांतों का अनुसरण करना चाहिए। जैसे शिवाजी महाराज ने हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना करते समय आक्रांताओं की थोपी हुई व्यवस्थाओं को हटाकर भारत के 'स्व' के आधार पर नयी व्यवस्थाएं खड़ी कीं, उसी तरह वर्तमान शासन व्यवस्था को भी बची-खुची औपनिवेशिक दासता की पहचान को उखाड़कर फेंक देना चाहिए और भारत की नीतियों को 'स्व' का आधार देना चाहिए। यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने करवट बदली है। नये भारत ने अपने 'स्व' के आधार पर राष्ट्र निर्माण के पथ पर आगे बढ़ना प्रारंभ कर दिया है। प्रतीकों से लेकर नीतियों तक में 'स्व' परिलक्षित हो रहा है। ऐसे में छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनयात्रा एवं उनके द्वारा स्थापित 'हिन्दवी स्वराज्य' की संकल्पना का स्मरण अत्यंत प्रासंगिक एवं प्रेरणास्पद होगा। हमें याद रखना चाहिए कि छत्रपति शिवाजी महाराज राजसी वैभव को भोगने के लिए नहीं अपितु धर्म एवं संस्कृति के रक्षा हेतु 'स्व' आधारित राज्य की स्थापना की। उन्होंने 'स्वराज्य' का विचार दिया तो यह नहीं कहा कि यह मेरा मत है, मेरी अभिलाषा है, अपितु उन्होंने यह विश्वास जगाया कि 'स्वराज्य की स्थापना श्री की इच्छा है'। स्वराज्य स्थापना के समय अष्टप्रधान मंडल की रचना, फारसी और अरबी भाषा के शब्दों को हटाकर संस्कृतनिष्ठ एवं मराठी शब्दों के प्रचलन पर जोर देते हुए 'राज्य व्यवहार कोश' का निर्माण, कालगणना हेतु श्रीराजाभिषेक शक का प्रारम्भ, संस्कृत राजमुद्रा का उपयोग, प्रशासनिक व्यवस्था, कृषि एवं श्रम सुधार, सामाजिक उत्थान, न्याय व्यवस्था, तकनीक और विज्ञान में भी 'स्व' के आधार पर नवाचारों को प्रधानता देकर छत्रपति शिवाजी महाराज ने 'स्वराज्य' के आदर्श को प्रतिपादित किया।

दुर्गदुर्गेश्वर श्रीरायगढ़ के शिखर पर सम्पन्न हुई श्रीशिवराज्याभिषेक की घटना ने भारतीय इतिहास को एक दिशा देने का काम किया। अंधकार की ओर बढ़ते भारत को उजाले के पथ पर अग्रसर किया। आत्मविस्मृति के दौर से गुजर रहे हिन्दुओं को गौरव की अनुभूति करायी। हिन्दुओं के पुरुषार्थ को जगाने का काम भी इस घटना ने किया। श्रीशिवराज्याभिषेक की इस घटना ने भारत पर कब्जा करते जा रहे मुगलों को संदेश दिया कि भरत-भू पर अभी 'हिन्दू पदपादशाही' का ही शासन है। इस घटना ने समूचे भारत में स्वराज्य की भावना को प्रबल कर दिया। सह्याद्रि की गोद से उठी स्वराज्य की इस प्रखर ज्योति ने भारत के भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया। इसलिए कहना होगा कि यह दिन भारत का उसकी नियति से भेंट का दिन भी है।

शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित 'हिन्दवी स्वराज्य' का दर्शन आज भी हमारे लिए पथप्रदर्शक है। आज भी हमें 'हिन्दवी स्वराज्य' के आदर्श को अपने सम्मुख रखना चाहिए। हिन्दवी स्वराज्य से प्रेरणा लेकर भारत की शासन व्यवस्था को 'स्व' का आधार देकर कल्याणकारी बनाने की दिशा में थोड़ा अधिक गति से काम करने की आवश्यकता है।



- लोकेन्द्र सिंह (लेखक छत्रपति शिवाजी महाराज के दुर्गों पर केंद्रित पुस्तक 'हिन्दवी स्वराज्य दर्शन' के लेखक हैं।)

# शहर का एकमात्र मोती गार्डन अपनी हरियाली खो रहा है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर के एक मात्र मोती गार्डन इन दिनो नागरिकों के लिये पूरी तरह अनुपयोगी साबित हो रहा है। गार्डन मे पूरी तरह हरियाली गायब हो गया है अरसे पहले रोपे गये घास पूरी तरह उखड गये है फलस्वरूप वहां पर केवल मिटटी व भूतल ही नजर आ रहा है।



वहीं छोटे छोटे बच्चों के लिये लगाये गये झूला व फिसलपटटी मे बडे उम्र के लोगों का कब्जा हो जाने से नन्हे मुन्हे बच्चे गार्डन मे मूक दर्शक बनकर वापस लौट रहे है एक लंबे समय से गार्डन मे गार्डन केयर टेकर नहीं होने से गार्डन पूरी तरह चौपट हो गया है साफ सफाई के अभाव मे चारो तरफ गंदगी व मच्छर के प्रकोप से गार्डन घिरा हुआ है गार्डन के एक हिस्से मे बनाये गये मूत्रालय व शौचालय मे व्याप्त गंदगी से संपूर्ण गार्डन परिसर बदबू से महकने लगा है फलस्वरूप वहां पर मॉर्निंग वाक एवं घूमने आने वाले बच्चों व महिलाओं को सिवाय परेशानी के कुछ भी नहीं मिलता गार्डन जिस वक्त बना था उस वक्त चारो तरफ हरियाली थी साथ हीं संपूर्ण गार्डन तरह तरह के फूल व पौधो से महकता था लेकिन पिछले चार वर्षो मे गार्डन अपना पुराना वैभव पूरी तरह खो चुका है जहां गार्डन का मुख्य द्वार एक लंबे समय से बंद कर दिया गया है जिस पर अवैध शराब बेचने वाले एवं गांजा भांग पीकर हुडदंग मचाने वालो का जमावड़ा बने रहने से गार्डन की व्यवस्था पर हीं प्रश्न चिन्ह लग रहा है क्षेत्र के नागरिकों ने अनेको बार पालिका प्रशासन से गार्डन के मुख्य द्वार को खोलने एवं गार्डन के चारो तरफ हुये अतिक्रमण को हटाकर उसे व्यवस्थित करने की मांग की है लेकिन पालिका प्रशासन द्वारा उक्त दिशा मे अब तक कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से मोती गार्डन असामाजिक तत्वों का अडडा बनकर रह गया है क्षेत्र के नागरिकों ने जिला कलेक्टर से अनुरोध किया है कि वे गार्डन मे व्यवस्था बनाने यथोचित पहल प्रशासनिक स्तर पर करें।

# भाटापारा शासकीय हास्पिटल में एक लंबे समय से महिला रोग विशेषज्ञ नहीं होने से प्रसूति के लिये पहुंच रहीं महिलाओं को हो रही है परेशानी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** अविभाजित रायपुर जिले के दूसरे सबसे बडे नगर भाटापारा मे शासन की घोर उपेक्षा के चलते शासकीय चिकित्सा सेवा का बुरा हाल है एक लंबे समय से शासन ने भाटापारा हास्पिटल को सौ बिस्तर हास्पिटल का दर्जा दे रखा है लेकिन अब तक सौ बिस्तर हास्पिटल का भवन का अता पता नहीं फलस्वरूप स्वास्थ्य सुविधा के मामले मे क्षेत्र आज भी बुरी तरह पिछडा हुआ है बात बात मे लोगों को रायपुर, भिलाई व बिलासपुर जैसे बडे शहरो की ओर इलाज के लिये भागना पड़ रहा है।



भाटापारा शासकीय हास्पिटल मे भाटापारा सहित आस पास के क्षेत्र के लगभग छह लाख आबादी स्वास्थ्य सुविधा प्राप्ति के लिये निर्भर है लेकिन भाटापारा हास्पिटल मे जो सुविधा अविभाजित मध्य प्रदेश शासन के दौरान उपलब्ध थी वह अब अलग राज्य बनने के बाद से बद से बदतर हालत मे पहुंच गई है। एक लंबे समय से महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर यहां पर पदस्थ न होने से महिला रोग से संबंधित तमाम रोगियों को निजी हास्पिटल के शरण मे जाना पड़ रहा है जहां मनमाने शुल्क व पैकेज के कारण सामान्य व गरीब वर्ग के महिला मरीजों के परिजनो को संकट से जूझना पड रहा है। कभी कभी आर्थिक अभाव मे प्रसूति के लिये महिला मरीजों को विपरीत स्थितियों से जूझना पड़ता है महिला रोग विशेषज्ञ के न होने से शासन के प्रति लोगो का आक्रोश बढ रहा है इसी प्रकार हास्पिटल मे शिशु रोग से संबंधित सुविधायें भाटापारा जैसे बडे स्थान पर उपलब्ध नहीं है जिसमे वार्मर एवं वेंटिलेटर जैसे सुविधा नहीं होने से शिशु रोग का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है वहीं सामान्य मरीजो की आम शिकायत है कि समय पर उन्हे डाक्टर नहीं मिलते खासकर रात्रिकालीन सेवा मे अव्यवस्था ज्यादा देखने को मिलता है हास्पिटल मे हृदय रोग विशेषज्ञ की भी सुविधा उपलब्ध नहीं होने से वर्तमान समय मे जब हृदय रोग के मरीज लगातार बढ रहे है उन्हे रायपुर, बिलासपुर, भिलाई व सरोना एम्स ले जाते समय अनेक मरीजों को अपने जान से हाथ धोना पड़ा है जनहित मे शासकीय हास्पिटल मे हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती नितांत आवश्यक है। क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाटापारा के लिये घोषित सौ बिस्तर हास्पिटल बिल्डिंग का प्रावधान बजट मे शीघ्र करने की मांग की है ताकि क्षेत्रवासियों को शासन की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके इसके अलावा लोगों ने जनहित मे अतिशीघ्र भाटापारा हास्पिटल मे महिला रोग विशेषज्ञ व हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर की नियुक्ति करने की मांग की है।

# अब बिजली उपभोक्ताओं को रिचार्ज करने पर ही बिजली मिल सकेगा

## जल्द प्रारंभ हो रहा है स्मार्ट मीटर सुविधा बिजली उपभोक्ताओं के घरों में

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** छत्तीसगढ विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आगामी महीनो मे विद्युत उपभोक्ताओ के आफिस, घर व औद्यौगिक संस्थान मे स्मार्ट विद्युत लगाने का काम द्रुत गति से किया जायेगा। भाटापारा विद्युत डिवीजन मे लगभग 85 हजार विद्युत उपभोक्ता है जिनके विद्युत मीटर मे अब स्मार्ट मीटर लगाने का काम क्रम से शुरू हो जायेगा इसके तहत सबसे पहले शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालयों एवं विभिन्न औद्यौगिक संस्थान जिसमे राईस, दाल व पोहा मिल सहित छोटे बडे अन्य उद्योग है वहां पर ईलेक्ट्रानिक मीटर को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाया जायेगा। स्मार्ट मीटर लगने के बाद विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बिल प्राप्त न होने की शिकायत दूर हो जायेगी वहीं स्मार्ट मीटर के लग जाने से पूरी तरह विद्युत चोरी पर लगाम लग सकेगा स्मार्ट मीटर के लगने से माह के अंतिम दिन की रात्रि 12 बजे तक का खपत का डाटा संबंधित उपभोक्ताओं को उनके पंजीकृत मोबाईल नंबर के जरिये विद्युत बिल प्राप्त हो जायेगा और उसके बाद मीटर रीडर की आवश्यकता नहीं रहेगी। अभी तक संचालित पुराने मीटर मे लोग छेडछाड करके बिजली चोरी कर लेते थे जिससे विद्युत वितरण कंपनी को काफी नुकसान पहुंच रहा था वहीं पुराने मीटर को लोग बंद भी कर देते थे लेकिन स्मार्ट मीटर मे अब बिजली फोने जैसे रिचार्ज करने पर प्राप्त होगा बिना रिचार्ज किये आप अपने आफिस, घर व औद्यौगिक संस्थान बिजली नहीं जला पायेंगे वहीं रिचार्ज के प्लान के मुताबिक ही आप बिजली खपत कर सकेंगे स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को यह पहले ज्ञात हो जायेगा कि उसे कितने रूपये तक का बिजली खपत करना है। स्मार्ट लगने के बाद कोई भी व्यक्ति या संस्थान किसी भी एंगल से बिजली चोरी नहीं कर पायेगा वहीं सभी को पहले से प्रीपेड प्लान के तहत पैसा अदा कर रिचार्ज कराना होगा तभी बिजली मिल सकेगा।

# भाटापारा में पृथक यातायात थाना प्रारंभ करने की पुरजोर मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे निरंतर बढ रहीं सड़क हादसा को मददेनजर रखते हुये भाटापारा शहर मे पृथक रूप से यातायात थाना प्रारंभ किया जाना अब जरूरी हो गया है क्योकि शहर एक प्रमुख व्यवसायिक व औद्योगिक केन्द्र के साथ साथ हावड़ा मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर स्थित होने के कारण नगर के हर दिशा हर गली मोहल्लो व वार्ड मे यातायात का भारी दबाव बढ गया है वहीं बारह मासी रेल्वे का रैक पाईट होने की वजह से हमेशा सैकड़ो की संख्या मे बडे वाहन बारदाना, शक्कर, गेहूं, चांवल व रासायनिक खाद व सीमेंट लदान के लिये आते जाते रहते है फलस्वरूप शहर मे संपूर्ण यातायात व्यवस्था जटिल हो गई है। भाटापारा नगर राज्य का सातवां सबसे बडा नगर है जहां राईस, दाल व पोहा मिल सहित लगभग 450 से अधिक उद्योग संचालित है वहीं प्रदेश की सबसे पुरानी व सबसे बडी कृषि उपज मंडी के साथ साथ आधा दर्जन सीमेंट कंपनियों एवं थोक किराना का एक बड़ा सेंटर है जिसके कारण देश व प्रदेश के कोने कोने से यहां पर छोटे बडे सैकडो वाहन रोज आ जा रहे है वहीं सीमेंट कंपनियो मे कैप्सूल वाहन हैवी वाहन भी सैकड़ो की संख्या मे भाटापारा शहर के भीतर से आवाजाहीं कर रहे है जिसके कारण अक्सर सड़क पर ट्रेफिक का बोझ बढ गया है आने वाले कुछ दिनो के बाद स्कूल कालेज आईटीआई एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानो मे शिक्षा सत्र प्रारंभ हो जाने के बाद सड़क पर यातायात का और अधिक दबाव बढेगा जिसे संभालना यातायात व पुलिस विभाग के लिये एक बडी चुनौती बनी हुई है। उक्त तमाम बातो के अलावा भाटापारा मे तेल नमक गुड नारियल एवं तमाम तरह के बिस्किट मनिहारी किराना व अन्य तमाम प्रकार के सामान लेकर बडे बडे वाहन शहर के भीतर प्रवेश कर रहे है जिसके चलते हटरी बाजार, सदर बाजार ईतवारी राम यादव हायर सेकेण्डरी स्कूल मार्ग आजाद चौक रामसप्ताह चौक जय स्तंभ चौक सहित अन्य ईलाके ट्रेफिक जाम से लोगों के लिये परेशानी का सबब बने हुये है वहीं आस पास सहित देश के अन्य राज्यों से हरी सब्जियों व आलू प्याज की लंबी खेप वाले वाहनो के शहर मे प्रवेश से यातायात लगातार बाधित हो रहा है। उक्त सभी बिन्दुओं को ध्यान मे रखते हुये भाटापारा मे पृथक व स्वतंत्र यातायात थाना पर्याप्त बल के साथ प्रारंभ किये जाने की नितांत आवश्यकता है वर्तमान मे गोविंद चौक, सदर बाजार, जय स्तंभ चौक, हटरी बाजार, बाबूजी मोबाईल पाईंट गली सहित अन्य मार्ग पर यातायात बाधित करने वालो के विरूद्ध अभियान चलाये जाने की नितांत आवश्यकता है मौजूदा समय मे प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक हर किस्म के चौपहिया वाहन को सचदेव सायकल स्टोर से लेकर शहर थाना गोविंद चौक तक रोकने की जरूरत है वहीं महारानी चौक से आजाद चौक तक भी भारी वाहनो के प्रवेश को रोकना जरूरी हो गया है पूर्व यातायात प्रभारी नरेश कांगे द्वारा बनाई गई यातायात व्यवस्था को वर्तमान मे हटा देने से 24 घंटे छोटे बडे भारी वाहन शहर के व्यस्तम क्षेत्र महासती मंदिर के रास्ते सदर बाजार, गोविंद चौक, हटरी बाजार, रामसप्ताह चौक व जय स्तंभ चौक तक प्रवेश कर रहे है जिससे संपूर्ण यातायात बाधित हो रहा है जनहित मे तमाम वाहनो को शहर से बाहर हीं रोककर एक निर्धारित समय मे उन्हे प्रवेश दिये जाने की जरूरत है वहीं तरेंगा नाका, पटपर नाका, सुहेला बाईपास तिराहा मे नये ट्रेफिक बल तैनात तक यातायात नियंत्रण की सख्त आवश्यकता है वहीं शहर मे सभी अंदरूनी मार्गो मे ट्रेफिक पुलिस को अभियान चलाकर यातायात बाधित करने वाले वाहन साईन बोर्ड व सड़क पर सामान सजाने वालो के विरूद्ध सख्त एवं दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने की नितांत आवश्यकता है जिससे शहर का यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके वहीं शहर के चारो दिशाओ मे यहां वहां जहां तहां यात्री बसों को सड़क पर खडे किये जाने के प्रति भी पुलिसिया कार्यवाही जरूरी है इसके साथ हीं सभी सड़क मार्ग से माल वाहक वाहनो मे सवारी भरकर चलने वाले वाहनो के विरूद्ध भी चालानी कार्यवाही किये जाने की दरकार है ताकि लगातार बढ रहीं सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लग सके क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं गृहमंत्री से भाटापारा की प्रमुख यातायात समस्या को हल करने की दिशा मे ठोस कार्यवाही की अपेक्षा की है।


**यातायात व्यवस्था जटिल होने से दुर्घटनायें बढ़ी**

# इन्द्र साव ने हास्पिटल के घटिया निर्माण कार्यो पर अधिकारियों को लगाई फटकार

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव ने सिविल हास्पिटल का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होने हास्पिटल क्षेत्र मे पुरानी दीवाल को तोड़े बिना उसी दीवाल के सहारे नये लेंटर ढाले जाने की कार्यवाही पर गंभीर नाराजगी प्रकट करते हुये अधिकारियों को फटकार लगाई व कहा कि हास्पिटल बिल्डिंग निर्माण कार्य मे किसी भी किस्म का लापरवाही भ्रष्टाचार एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी साव ने कहा कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और बनाये गये स्टीमेट के हिसाब से होना चाहिये।





शहर के एक मात्र सिविल हास्पिटल मे पुराने ओपीडी वाले कक्ष जिसमे डाक्टरों का बैठक कक्ष भी है वहां पर कुछ हिस्से को तोड़कर नये छड़ व एंगल डाल पुराने बिल्डिंग को जोड़ते हुये निर्माण कार्य किया जा रहा है इस बात की जानकारी विधायक को होने पर वे अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंचे व घटिया निर्माण कार्य पर बिफर गये इस दौरान उन्होने निर्माण एजेंसी से जुडे अधिकारी व ठेकेदार को फटकार लगाते हुये संपूर्ण कार्य मे गुणवत्ता बनाये रखने की बात कहीं।

# सूने मकान से चोरों ने नगदी व जेवरात पार किये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर के एक सूने मकान मे अज्ञात चोरो ने धावा बोलकर वहां आलमारी मे रखे जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर दिये। उपरोक्त संबंध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुंशी इस्माईल वार्ड निवासी गौरीशंकर दास मानिकपुरी बूल्टू अपने बच्चें व पत्नि के साथ घर मे ताला लगाकर अपने ससुराल ग्राम खेड़ा संबलपुर गये हुये थे इस बीच घर की समय पर देख रेख करने की जवाबदारी गौरीशंकर दास ने दीपक दास मानिकपुरी को दी थी इस दौरान सूने घर मे अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर वहां रखे आलमारी का ताला तोड़ते हुये चार हजार रूपये मूल्य के जेवरात व दस हजार रूपये नगद पर हाथ साफ कर दिया ससुराल से वापस लौटने पर गौरीशंकर दास को चोरी का माजरा समझ मे आया इस पर उन्होने अपने भाई दीपक दास मानिकपुरी से पूछताछ की तब उसने बताया कि वह दिन मे मकान की देखभाल करता था व रात्रि मे समय समय पर भी देख रेख कर लिया करता था लेकिन अज्ञात चोर ने मौका देखकर छत के खिड़की से अंदर प्रवेश करते हुये चोरी की वारदात को अंजाम दिया उपरोक्त घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 380, 457 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



# दावनबोड़ पंचायत में वसूली योग्य राशि में सुस्ती क्यों ?

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत दावनबोड़ मे एक शिकायतकर्ता के शिकायत पर किये गये जांच के आधार पर सरपंच व सचिव से विभिन्न कार्यो मे किये गये खर्च की राशि को वसूली योग्य पाया गया था। चार सदस्यीय जांच कमेटी द्वारा इस आश्य की रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी थी लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी उक्त राशि शासन द्वारा वसूल नहीं की जा सकी है। प्रशासन की सुस्ती जन चर्चा का विषय है।

ग्राम पंचायत दावनबोड़ मे तत्कालीन सरपंच व सचिव द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यो मे अनियमितता की शिकायत ग्राम के हीं शैलेन्द्र वर्मा ने की थी जिसमे 17 बिन्दुओं पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को शिकायत दर्ज करायी गई जिसमे मनरेगा 15 वें वित्त की राशि से धान चबूतरा निर्माण सहित 17 बिन्दुओं पर अनियमितता की शिकायत की गई। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने चार सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई जिसमे उप अभियंता, एडीईओ, तकनीकी सहायक व करारोपण अधिकारी को शामिल किया गया जांच उपरांत 15 जून 2022 को जांच कमेटी ने एक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बताया कि जांच मे ग्राम दावनबोड़ के सरपंच एवं सचिव द्वारा निर्माण कार्यो मे व्यय अनियमितता पाया गया है जिसमे कुल राशि 877475 रूपये की अनियमितता पाई गई है जिसे वसूली किया जाना उचित होगा जिसके आधार पर सरपंच द्वारा पुर्नविचार के लिये जनवरी माह 2024 मे जिलाधीश को एक ज्ञापन सौंपा जिस पर कलेक्टर द्वारा सरपंच के उस आवेदन को जांच के लिये भेजा गया जिसके आधार पर पुर्नमूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की जानकारी दी गई जिसमे दो जांच अधिकारी नियुक्त किया गया जिनके द्वारा एसडीएम सिमगा को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये जांच अधिकारियों ने 25 अप्रेल 2024 को अपने मत के अनुसार कर वसूली योग्य राशि 850000 रूपये पाया और अपना प्रतिवेदन मे उसका उल्लेख करते हुये एसडीएम को अपना जांच प्रतिवेदन सौंपा गया। उक्त जांच प्रतिवेदन के बाद आज तक सरपंच एवं सचिव से उक्त राशि वसूल नहीं की जा सकी जिसके लिये शिकायतकर्ताओं ने कई बार शिकायत दर्ज कराने के बाद प्रशासन की ओर से उक्त राशि की वसूली नहीं हुई है जिसका प्रकरण एसडीएम कोर्ट मे लंबित है। शिकायतकर्ता ने अविलंब इस पर कार्यवाही की मांग की है वहीं धारा 40 के तहत सरपंच को पद से पृथक करने के भी प्रकरण लंबित है जो उच्च न्यायालय तक प्रकरण की सुनवाई की गई। शिकायतकर्ता ने उक्त प्रकरण मे जिलाधीश से आग्रह करते हुये अविलंब कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की है।

# कलेक्टर चौहान ने भाटापारा मंडी की सुध ली

## मंडी प्रांगण में अतिरिक्त श्रमिक तैनाती के दिये निर्देश



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** कृषि उपज मण्डी समिति में वर्तमान में ग्रीष्मकालीन फसल धान की बंपर आवक को ध्यान मे रखते हुये जिला कलेक्टर केएल चौहान ने मण्डी की अव्यवस्था को दूर करने के लिये कदम उठाते हुये कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा में विपणन कार्य व्यवस्था हेतु श्रमिको की श्रेणी में तौलैया 50, हमाल 142 रेजा हमाल 156 कांटा हमाल 180 अनलोडिंग हमाल 200 कुल 728 श्रमिक मण्डी प्रांगण में कृषि उपजो के तौलाई भराई लोडिग का कार्य करने तैनात किये है। इसके साथ ही मण्डी प्रांगण में बंपर आवक को देखते हुये मण्डी प्रशासन को कलेक्टर के एल चौहान द्वारा अतिरिक्त मजदूर लगाने के निर्देश दिये गये है। जिस पर मंडी प्रशासन द्वारा अतिरिक्त लोडिंग चिल्हर 15 हमाल एवं 50 अनलोडिंग मजदूरों की व्यवस्था की गई है। मंडी प्रशासन द्वारा रेजा संघ को रेजाओ की संख्या में वृद्धि करने एवं क्रेता फर्मो को निर्देशित कर मण्डी प्रांगण की कार्यव्यवस्था को सुगम रूप से संचालित करने हेतु कांटा हमाल एवं अन्य लोडिंग हमाल की संख्या में अतिरिक्त वृद्धि करने के लिये निर्देशित किया गया है। जिससे की मण्डी प्रांगण का कार्य त्वारित रूप से समय पर संपादित हो सकें तदानुसार क्रेता फर्मो द्वारा अतिरिक्त हमाल की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में आवक के मददेनजर क्रेता फर्मो के द्वारा भी मंडी प्रशासन को समय समय पर अतिरिक्त श्रमिको की व्यवस्था करने में सहमति प्रदान की गई है। जिससे उम्मीद लगाई जा रहीं है कि व्यवस्था मे अब सुधार होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यावरण पर कार्यशाला संपन्न




**भाटापारा।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे कार्य करने वाले संस्था ग्रीन आर्मी भाटापारा द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी, सुनील दुबे, डॉ.सीमा अवस्थी, वीणा साहू व राजकुमार मल शामिल हुये। उक्त कार्यशाला मे अमिताभ दुबे, डॉ.हितेश दीवान, तरूण शर्मा कोरबा, अंजना एस भाके बलौदाबाजार व सुमन दीवान रायपुर ने उक्त कार्यशाला मे अपने विचार प्रकट किये। उपरोक्त अवसर पर क्षेत्र के विधायक इंन्द्र साव, पार्षद त्रिलोक सलूजा व बसंत भृगु सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुये।

### रामायण ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन सरयू सदन में



**भाटापारा।** आगामी 29 मई दिन बुधवार को कल्याण सागर तालाब मार्ग स्थित राम जानकी मंदिर के पीछे सरयू सदन मे रामायण ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमे सभी उम्र के बालक बालिका भाग ले सकेंगे। आयोजन समिति के स्वर्णलता द्विवेदी व उषा शास्त्री के नेतृत्व मे उक्त कार्यक्रम होगा। उक्ताशय की जानकारी लक्ष्मी पांडे ने देते हुये बताया है कि सुबह 8 से 10 बजे तक उक्त प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता मे प्रवेश शुल्क मात्र 20 रूपये निर्धारित किया गया है लक्ष्मी पांडे ने उपरोक्त कार्यक्रम मे अधिकाधिक संख्या मे उपस्थिति का आग्रह लोगों से किया है।

### कमलाकांत इंस्टीटयूट में निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण

**भाटापारा।** स्थानीय कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट मे विगत वर्ष की भांति इस मर्तबा भी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं को कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट के माध्यम से स्वरोजगार कौशल को विकसित करने हेतु निश्शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमे 100 से अधिक छात्र-छात्रा हिस्सा ले रहे है इन सभी छात्र-छात्राओं को 31 मई तक इंस्टीटयूट के संचालक मनीश शुक्ला, प्राचार्य वंदना चौहान के निर्देशन मे सुषमा दुबे द्वारा कम्प्यूटर से संबंधित जानकारी व कैरियर निर्माण मे प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



**पार्षद अब नहीं चुन सकेंगे पालिका अध्यक्ष, चुनाव संभवतः दिसंबर में**

# आने वाले पालिका चुनाव में अब पालिकाध्यक्ष का चुनाव मतदाता करेंगे

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। आगामी नवंबर व दिसंबर 2024 के मध्य नगरीय निकाय के प्रस्तावित चुनाव मे एक बार फिर राज्य शासन ने चुनावी प्रक्रिया के नियम मे बदलाव करने का फैसला लिया है जिसके चलते अब भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव सीधे मतदाता कर सकेंगे वर्तमान मे प्रदेश मे सत्ता परिवर्तन के बाद निकाय चुनाव के पूर्व उक्त बदलाव के संकेत मिल रहे है।




बताया जाता है कि इसके पहले सत्तारूढ भूपेश बघेल कांग्रेस की सरकार ने नगरीय निकाय चुनाव मे नियम कानून को बदलते हुये अध्यक्ष चुनने का अधिकार मतदाताओं से छीन लिया था व पालिका अध्यक्ष का चुनाव निर्वाचित पार्षद द्वारा किया जाता रहा जिसके कारण आये दिन राजनीतिक उठापटक व अविश्वास प्रस्ताव लाकर अध्यक्ष को हटाने का खेल चलने लगा लेकिन अब छत्तीसगढ की सत्तारूढ भाजपा सरकार ने एक बार फिर पालिका चुनाव के नियम कानून मे बदलाव करने के संकेत दे दिये है जिसके तहत अब अध्यक्ष का चुनाव सीधे मतदाता कर सकेंगे। यह विदित रहे है कि अविभाजित मध्य प्रदेश मे कांग्रेस के मुख्यमंत्री रहे दिग्गी राजा ने पालिकाध्यक्ष चुनने का अधिकार पार्षदो से छीनकर मतदाताओं के हाथ मे दिया था जिससे मतदाता अपने वार्ड के पार्षद के साथ साथ पालिकाध्यक्ष का भी चुनाव करने लगे थे लेकिन कांग्रेस के हीं मुख्यमंत्री बने छत्तीसगढ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पालिका चुनाव मे नये नियम कानून लागू कर पालिका अध्यक्ष का चुनाव पार्षदों के बहुमत से कराने का नियम लागू कर दिया था जिसके कारण आये दिन पालिकाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने लगे जिससे नगरीय निकाय मे अस्थिर का राजनीतिक माहौल बनने लगा अब नये नियम लाये जाने से लोगों को उम्मीद है कि खरीद फरोख्त की राजनीति पर विराम लग सकेगा व जनता जर्नादन सीधे पालिका अध्यक्ष का चुनाव कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

# गोपाल अग्रवाल बने अग्रसेन धर्मशाला के नये अध्यक्ष

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** लिंक रोड स्थित अग्रसेन धर्मशाला मे अग्रवाल सेवा समिति का चुनाव सौहाद्र पूर्ण वातावरण मे संपन्न हुआ। जिसमे अग्रोहा ट्रेडर्स के संचालक गोपाल अग्रवाल को नये अध्यक्ष के रूप मे उपस्थित लोगों ने चुना अपने अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद गोपाल अग्रवाल ने समस्त लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुये उनको मिले नये जिम्मेदारी पर सभी के सलाह से कार्य करने की घोषणा की अग्रसेन धर्मशाला की नई कार्यकारिणी मे संरक्षक पद पर कैलाशचंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष विकास सिंघल, दुर्गेश अग्रवाल, सचिव विकास अग्रवाल बनाये गये है। इसी तरह कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, सह सचिव राजेश अग्रवाल, नितीन भूषाणिया बनाये गये है। समाज के वरिष्ठ सलाहकार के रूप मे प्रेमचंद भूषाणिया, सुरेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, मदन अग्रवाल, भागवत भूषाणिया व विनोद अग्रवाल को शामिल किया गया है इसके अलावा समिति मे दीपचंद गर्ग, श्याम सुंदर पोददार, निर्मल बंसल, राधा किशन अग्रवाल, नरेन्द्र भूषाणिया, गोपाल गोयल, श्याम बिहारी अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, भगवती प्रसाद चिरानिया को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे विष्णु पोददार, दिनेश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, पुरूषोत्तम अग्रवाल, रमेश गोयल, राजेन्द्र अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, द्वारिका अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, शरद अग्रवाल, बृजकिशोर अग्रवाल बनाये गये है।

# सिंधी पंचायत के भीषम अध्यक्ष बने

**भाटापारा।** पूज्य बिरादरी सिंधी पंचायत के संपन्न चुनाव मे कुल 384 मतदाताओं मे से 304 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुये भीषम गुरयानी को अपना नया अध्यक्ष चुना है। संपन्न चुनाव के दौरान अध्यक्ष पद के लिये भीषम गुरयानी व श्रीचंद धीरानी के बीच मुकाबला हुआ जिसमे भीषम को 174 वोट व श्रीचंद को 115 वोट प्राप्त हुये। उक्त चुनाव मे चुनाव अधिकारी के रूप मे अनिल गिदवानी मौजूद थे। अपने निर्वाचन के बाद भीषम गुरयानी ने सभी को साथ लेकर पूज्य सिंधी बिरादरी पंचायत के हित मे कार्य करने की बात कहीं। भीषम के अध्यक्ष बनने पर नंदलाल जगवानी, सोनू जगवानी, सुरेश वाधवानी व ज्ञानचंद गंगवानी सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।



# कत्थक नृत्य में प्रज्ञा व समृद्धि ने भाग लिया

**भाटापारा।** नगर की प्रज्ञा साहू एवं समृद्धि साहू ने मध्य प्रदेश के उज्जैन मे आयोजित महाकालेश्वर संस्कृति महोत्सव के नृत्यांजलि कत्थक नृत्य कार्यक्रम मे नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमे उक्त दोनो छात्राओं को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। प्रज्ञा व समृद्धि साहू भाटापारा ब्लाक के सिंगारपुर स्कूल मे पदस्थ प्रीति साहू व डाक इंस्पेक्टर हेमलाल साहू की पुत्री है उक्त छात्राओं की उल्लेखनीय सफलता पर संतोष साहू, तामेश्वर साहू, लालू साहू, नानू साहू, हेमंत साहू व अशोक कुमार सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।



# यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध की गई कार्यवाही

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्थानीय यातायात शाखा द्वारा विभिन्न सड़क मार्ग पर यातायात नियमो का उल्लंघन करने के 47 प्रकरणों मे 14900 रूपये समन शुल्क के रूप मे वसूल किये गये है। उक्त कार्यवाही मे प्रभारी रितेश मिश्रा, धनेश दुबे, दिलीप पांडे, सुरेन्द्र सिंह, हरीश जगत, मंजेश सिंह, अगस्तजीत ध्रुव व लक्ष्मीधर दीवान सहित अन्य लोग शामिल थे।




चालानी कार्यवाही के दौरान दुपहिया वाहन मे तीन सवारी बैठाने, बिना नंबर के वाहन चलाने, नो पार्किंग मे वाहन खडी करने, प्रेशर हार्न का उपयोग करने, समय पर कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाने, यातायात नियमो का उल्लंघन करने पुलिस अधिकारियों के आदेश का उल्लंघन करने तथा हेड लाईट का आधा हिस्सा काला नहीं रखने पर यातायात पुलिस की ओर से उपरोक्त कार्यवाही की गई।

# भाटापारा रेल्वे अंडर व ओव्हर ब्रिज में धूल की मोटी परत बिछने से लोग हो रहे हैं दुर्घटना के शिकार

## अंडरब्रिज में मवेशियो के जमावड़े से लोग हलाकान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** शहर के दोनो रेल्वे अंडरब्रिज इन दिनो धूल के मोटी परत के कारण लोगों के लिये परेशानी का सबब बन गया है। दोनो अंडरब्रिज व रेल्वे ओव्हर ब्रिज मे एक लंबे समय से सफाई कार्य नहीं होने से धूल की मोटी परत जम गई है फलस्वरूप उक्त सभी क्षेत्र दुर्घटनाजन्य क्षेत्र बन गया है अरसे पहले हटरी बाजार रेल्वे क्रासिंग एवं टेंहका मार्ग रेल्वे क्रासिंग को बंद कर जो संकीर्ण रूप से अंडरब्रिज जनहित मे बनाया गया है वह इन दिनो गंदगी धूल डस्ट व मवेशियों के जमावडे के कारण नागरिकों के लिये परेशानी का कारण बन गये है टेंहका रोड अंडरब्रिज के रास्ते ग्राम सुरखी, सेंदरी, बिजराडीह, कोसमंदा, धुर्राबांधा सहित अन्य गांव की ओर आने जाने वाले तथा शहर के लाल बहादूर शास्त्री वार्ड, मुंशी इस्माईल वार्ड, शहीद वीर नारायण सिंग वार्ड, राम सागर पारा सहित तहसील कार्यालय की ओर आने जाने वालो को धूल डस्ट गोबर व भैंस भैंसा के झुंड से जूझते हुये चलना पड रहा है एक लंबे समय से टेंहका फाटक अंडरब्रिज की सफाई नहीं होने से वहां पर डेढ से दो फीट धूल की मोटी परत बिछ गई है वहीं सैकडो की तादाद मे भैंस भैंसा को चरवाहे अंडरब्रिज के रास्ते प्रवेश कराकर यातायात को बाधित कर रहे है रेल्वे अंडरब्रिज मे गंदगी के साथ साथ घनघोर अंधेरे के कारण आये दिन छेडछाड लूटपाट पत्थरबाजी के साथ साथ वाहन दुर्घटना लगातार हो रहीं है साथ हीं रेल्वे ओव्हर ब्रिज मे भी धूल की मोटी चादर बिछ जाने से दुपहिया मोटरसायकल सवार व सायकल सवार फिसलकर गिर रहे है जबकि शहर व क्षेत्र का सर्वाधिक ट्रेफिक वाला मार्ग रेल्वे ओव्हर ब्रिज है जहां से रोजाना पांच सौ से अधिक छोटे बडे वाहन ट्रक हाईवा यात्री बस स्कूल वैन ट्रेक्टर ट्राली व अन्य हैवी वाहन जो कि विभिन्न सीमेंट संयंत्रो की ओर आ जा रहे है उनके साथ हीं 450 से अधिक राईस, दाल व पोहा मिलो मे आने जाने वाले तमाम छोटे बडे वाहन आवाजाही करते है उसके कारण उड़ती धूल से लोग हलाकान है इसी प्रकार के हालात हटरी बाजार रेल्वे अंडरब्रिज की है जहां व्याप्त गंदगी से आने जाने वाले परेशान है रेल्वे अंडरब्रिज व ओव्हरब्रिज की सड़क पर जमे धूल की सफाई कई कई महीनो तक नही होने से लोग परेशान है यह गौरतलब रहे कि बार बार के ध्यानाकर्षण के बावजूद रेल्वे ओव्हर ब्रिज व अंडरब्रिज से गंदगी धूल व डस्ट की सफाई कराने किसी भी अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया है जिससे आम लोगों मे भारी आक्रोश व्याप्त है।

# थ्रीडी आर्ट कैम्प के आयोजन में उत्साह से भाग लिया बच्चों ने

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर के कृष्णा नगर के कलाकक्ष आर्ट इंस्टीटयूट मे तीन दिवसीय थ्रीडी आर्ट कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे तीस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कैम्प मे शामिल होने वाले तमाम लोगों को थ्रीडी आर्ट के बारे मे जानकारी दी गई इस दौरान बच्चों ने रंगीन व श्वेत श्याम मे अपनी कलाकृतियों को उकेरकर प्रदर्शित किया। उपरोक्त कैम्प मे 10 साल से अधिक उम्र के बच्चों ने भाग लिया इस कैम्प मे कक्षा 5 वीं के राघव ने सबसे छोटे प्रतिभागी के रूप मे हिस्सा लिया कैम्प मे भोपाल से आये हुये कलाकार एवं स्कूल शिक्षक कलाचार आर्टिस्ट वेल फेयर सोसायटी के शुभम वर्मा, हर्ष यादव, कोमल शर्मा, संतोष साहू, लालू साहू, राजकुमार यदू, प्रवीण जैन, सपना जैन, सुधांशु गुप्ता व मुकेश शर्मा, मेघा वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी कलाकक्ष की संचालिका मेघा वर्मा ने दी है।



# नाप तौल विभाग ने रेल्वे कैंटिन में दबिश देकर की कार्यवाही

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** उपभोक्ताओं की शिकायत के आधार पर नापतौल विभाग द्वारा भाटापारा रेलवे स्टेशन के सभी स्टालों में विक्रय किये जा रहे उत्पादों की एमआरपी से संबंधित जांच किया गया। जिसमें प्लेट फॉर्म क्रमांक 3/4 स्थित स्टॉल एमपीएस नम्बर-3 माउंट स्टिंग एनर्जी ड्रिंक, मात्रा 250 एमएल, घोषित एमआरपी 35 रुपए प्रति नग को स्टाल संचालक द्वारा एमआरपी से अधिक 45 रुपए प्रति नग में विक्रय करते पाया गया। स्टाल संचालक द्वारा अपनी गलती स्वीकार किये जाने पर उन्हे 5 हजार रूपये जुर्माना किया गया। उक्त कार्रवाई विधिक माप विज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुएं) नियम 2011 के नियम 18 (2) के उल्लंघन के परिपेक्ष्य मे करते हुये प्रकरण दर्ज किया गया। गौरतलब है कि विभाग को लगातार शिकायत मिल रहीं थी कि भाटापारा रेलवे स्टेशन में स्थित विभिन्न स्टॉलों द्वारा अधिक मूल्य में सामग्री बेची जा रहीं है उसी परिपेक्ष्य मे कार्यवाही की गई। मंगलवार सुबह 11 बजे रेलवे स्टेशन में सघन जांच कार्यवाही शुरू हुई जिसमे नाप तौल विभाग द्वारा एमआरपी के संबंध में लगातार जांच की गई।



# फिर हो रहे अवैध कब्जा चारों तरफ धड़ल्ले से

## शहर व ग्रामीण क्षेत्र में अवैध कब्जा करने वाले सक्रीय

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

*भाटापारा। शहरी क्षेत्र मे अवैध कब्जा करने एक बार फिर होड़ मची हुई है शहर सीमा से लगे गांव के अलावा शहर सीमा के भीतर गुरूनानक वार्ड, पंचशील नगर टेंहका भांठा, खपराडीह, तरेंगा, सुरखी, सुरजपूरा, सिद्ध बाबा धौराभांठा, दतरेंगा, दतरेंगी सहित अनेक स्थानो पर प्रशासनिक लापरवाही से बडे पैमाने पर अवैध कब्जा करने वाले सक्रिय हो गये है व रातों रात शासकीय भूमि पर बडी तादाद मे अवैध कब्जा से मकान दुकान तान रहे है ।*






ग्राम तरेंगा मे तो अवैध कब्जा करने होड़ मची है सड़क के दोनो छोर पर महत्वपूर्ण जगहों पर लोग रातो रात मकान व दुकान तान रहे है जिससे मुख्य मार्ग का स्वरूप जहां बिगड रहा है वहीं अतिमहत्वपूर्ण शासकीय भूमि भी अतिक्रमण की चपेट मे आ गया है इसी प्रकार के हालात गुरूनानक वार्ड, पंचशील नगर टेंहका भांठा मे चल रहा है जहां सैकड़ो की संख्या मे लोग बेधड़क शासकीय भूमि पर अवैध रूप से मकान दुकान तानकर राते रात कब्जा कर रहे है उक्त क्षेत्र के पटवारी के साथ साथ संपूर्ण राजस्व अमला गहरी नींद मे सोया हुआ है जिसके चलते अवैध कब्जाधारियों के हौसले निंरतर बुलंद है कुछ माह पूर्व अवैध कब्जा हटाने के लिये जो ताम झाम मंडी क्षेत्र मे किया गया था वह पूरी तरह अब फेल हो गया है तमाम अवैध कब्जाधारी फिर से मंडी क्षेत्र के पुराने बस स्टैड वाले क्षेत्र मे निर्भयता पूर्वक कब्जा करने मे मशगुल हो गये है अवैध कब्जा वाले क्षेत्र मे कृषि उपज मंडी की ओर से खानापूर्ति के रूप मे मात्र यह बोर्ड लगा दिया गया है कि यह भूमि मंडी प्रशासन की है लेकिन बोर्ड लगने के बावजूद वहां पर अवैध कब्जा करके लोग चखना दुकान मटन मुर्गा दुकान व अन्य प्रकार के कारोबार कर रहे है जिसमे अवैध शराब बिक्री सटटा जुआ के कारोबार भी उसी क्षेत्र मे पनप रहे है अवैध कब्जा से भाटापारा बिलासपुर रेल लाईन के किनारे का हिस्सा भी बचा नहीं है पुराने किसान राईस मिल से लेकर रेल्वे फाटक टेंहका से लगते हुये रेल लाईन के ठीक डाउन दिशा की ओर पंचशील नगर टेंहका भांठा तक अवैध कब्जा करने का कारोबार धडल्ले से चल रहा है अवैध कब्जा करने मे सक्रिय लोग पुराना गायत्री गैस गोदाम के पीछे भी सक्रिय है वहीं रेल्वे ओव्हर ब्रिज के नीचे भी बडे पैमाने पर अवैध कब्जा हो रहा है जिसको रोकने मे पालिका प्रशासन, नजूल प्रशासन, राजस्व प्रशासन व मंडी प्रशासन पूरी तरह विफल हो चुका है। भविष्य की जरूरतो को ध्यान मे रखते हुये बडे पैमाने पर हो रहे जगह जगह अवैध कब्जे को हटाने के लिये जिला प्रशासन को ठोस कदम उठाते हुये भाटापारा शहर मे अवैध कब्जा तोड़ने की दिशा मे शीघ्र कार्यवाही करना चाहिये।

**बोर्ड लगने के बावजूद वहां पर अवैध कब्जा करके लोग चखना दुकान मटन मुर्गा दुकान व अन्य प्रकार के कारोबार कर रहे है**




### एक गजल

**तेरी तबस्सुम में भी तरन्नुम**
**की खनखनाहट होती है।**
**तेरी आहट से ही सारे घर**
**में जगमगाहट होती है।**
**तुम कभी गुजरो तो जुगनुओ के शहर से**
**तेरी चमक से ही उस शहर में**
**सरसराहट होती है।**
**तपिश भी कम पड़ गई है लगती है सूरज की**
**तेरी एक नजर में कहीं ज्यादा गर्माहट होती है।**
**हल्ला जो हो जाये चमन में तेरे आने की**
**गुलाबो के बीच भी तेरे आने**
**की सुगबुगाहट होती है।**
**तेरी खूबसूरती में मैं गज़ल लिखा तो क्या लिखा**
**शेर, गज़ल, नज़्म ही तेरे हुस्न**
**की चमचमाहट होती है।**



**कवि राज गुप्ता**
**भाटापारा छत्तीसगढ़**

# भाटापारा क्षेत्र में आग उगलती आसमानी गर्मी से लोग हलाकान

## हिट स्ट्रोक के शिकार तीन श्रमिको में एक की मौत एक गंभीर व एक सामान्य

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे पड़ रहीं रिकार्ड तोड़ गर्मी ने लोगों को हिलाकर रख दिया है आग उगलती आसमानी गर्मी व हिट स्ट्रोक के चलते क्षेत्र मे एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं दो अन्य घायल है। उपरोक्त संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार शहर से 13 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बकुलाहीं के रियल स्पात संयंत्र मे कार्यरत तीन मजदूर हिट स्ट्रोक की चपेट मे आ गये जिसमे से एक श्रमिक की मौत हो गई वहीं दो की हालत गंभीर है जिन्हे उपचार के लिये हास्पिटल मे भर्ती कराया गया है बताया जाता है कि बकुलाही गांव के रियल स्पात संयंत्र मे खुले आसमान के नीचे फेब्रिकेशन का कार्य कर रहे तीन श्रमिक को हिट स्ट्रोक के कारण गंभीर हालत मे हास्पिटल लाया गया जहां राकेश कुमार पटेल उम्र 26 वर्ष मूल निवासी फैदर नगर काबरा झारखंण्ड की मौत हो गई वहीं संतोष पांडे उम्र 38 वर्ष एवं विजय ठाकुर उम्र 55 वर्ष भी गंभीर हालत मे हास्पिटल मे दाखिल हुये। उपचार के दौरान संतोष पांडे की हालत बिगडने पर उसे उपचार के लिये जिला हास्पिटल भेजा गया है वहीं समाचार भेजे जाने के वक्त हास्पिटल सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक संतोष पांडे की हालत मे सुधार होने के बाद उसे घर के लिये रवाना कर दिया गया है। इस तरह क्षेत्र मे नवतपा के आठवें दिन रिकार्ड तोड़ गर्मी के बीच मौत का यह पहला मामला अधिकृत रूप से सामने आया है। शहर मे शनिवार को दोपहर का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुच गया और शाम ढलते ढलते यह कम होने लगा इस बीच शाम तक तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। हिट स्ट्रोक के चलते बकुलाहीं गांव मे कार्यरत तीन लोग चपेट मे आये थे जिसमे से एक की मौत हो गई एक उपचार गंभीर रूप से चल रहा है वहीं एक व्यक्ति को उपचार के बाद हास्पिटल से छुटटी दे दी गई है।





# क्षेत्र में गर्मी का रिकार्ड ध्वस्त, पांचवें दिन फिर 46 डिग्री पर पहुंचा तापमान

## कटते पेड़ घटते कृषि रकबा, बढते औद्यौगीकरण के बीच लोग व्याकुल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर व क्षेत्र का तापमान चालू नवतपा के दौरान लगातार बढत बनाये हुये है गुरूवार को एक बार फिर शहर का दोपहर का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जिसके चलते लोग भारी गर्मी से परेशानी का ऐहसास करते रहे।





शहर मे तीव्र गति से हो रहे औद्यौगीकरण के कारण इस प्रकार के हालत बन गये है की अब लोगों को न तो शुद्ध हवा मिल पा रहा है और न ही पेड की छाया पिछले आठ दस वर्षो के भीतर शहर व ग्रामीण क्षेत्र से नीम, बरगद, पीपल, महुआ, आम, जामुन, शीशम, बबूल व कनेर सहित अन्य प्रजाति के पेड हजारो की तादाद मे काट डाले गये उक्त पेड को कभी सड़क निर्माण तो कभी सड़क चौडीकरण के नाम पर काटे गये वहीं राईस, दाल व पोहा मिल निर्माण के अलावा कृषि भूमि के अच्छे भाव मे बिक्री के बाद बिल्डिर्स व रसूखदारो ने प्लाट काटकर मकान दुकान रहवासी कालोनी बना दिया फलस्वरूप खेती का रकबा भी भाटापारा क्षेत्र मे लगातार घट रहा है पहले प्राय- हर खेत के मेड पर पेड हुआ करता था जिसमे कोयल, कौंए, गिद्ध, तोता व अन्य पक्षी बैठते थे साथ हीं पेड़ो पर बंदर दर्जनो की संख्या मे कुलाटी मारते रहते थे नीम पेड की छांव मे राहगीर के साथ साथ हल जोतते किसान आराम फरमाते थे वहीं पेड मे रहने वाली पक्षी हीं खेत के फसलो मे लगने वाले कीट प्रकोप को अपनी आहार बनाकर फसलो की रक्षा करते थे लेकिन बढते शहरीकरण एवं औद्यौगीकरण व घटते कृषि रकबा का दुष्परिणाम अब भाटापारा मे दिखने लगा है जहां लगातार बढते तापमान के बीच लोग गर्मी से व्याकुल व त्रस्त है वहीं पेड पौधे के कट जाने से लोग अच्छी आब हवा एवं छाया से वंचित हो गये है। सड़क निर्माण के नाम पर नगर मे सैकड़ो पेड काट डाले गये लेकिन दस वर्ष के भीतर एक पेड भी तैयार नहीं हो पाया क्योंकि पौधा रोपण की दिशा मे कोई पहल व काम नहीं हुआ इक्का दुक्का पौधा लगाये गये वे केवल समाचार पत्रो मे फोटो छपवाने तक सीमित रह गये गौरवपथ के मध्य एक भी पौधे तैयार नहीं हो पाये फलस्वरूप गौरवपथ के मध्य मे आज प्लास्टिक डिस्पोजल, कप गिलास, शोभा बढा रहे है।

शहर व क्षेत्र मे छायादार वृक्ष न होने से लोग हलाकान व बेचैन है जनहित मे सेवाभावी संस्थान नागरिको नेताओं तथा राईस, दाल व पोहा मिल संचालको को आगे आकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे कार्य करते हुये संपूर्ण शहर के साथ साथ सिद्ध बाबा धौराभांठा, नांदघाट रोड़, सुरखी रोड़, निपनिया रोड, मोपका मार्ग, बलौदाबाजार मार्ग व सुहेला मार्ग के दोनो छोर पर सघन पौधा रोपण करने की दिशा मे कदम उठाना चाहिये अन्यथा उजड़ते पेड कटते वृद्ध घटते कृषि भूमि के कारण भाटापारा एक आग से तपता हुआ प्रदूषित शहर रह जायेगा क्योकि आज का बढता हुआ 46 डिग्री सेल्सियस तापमान को केवल हरियाली की छतरी लगाकर कम किया जा सकता है वहीं बचे हुये कृषि भूमि के मेड मे भी पौधा रोपण को बढावा देने शासन कार्ययोजना बनाकर पौधा रोपण के लिये लोगों को जागरूक व प्रोत्साहित करे साथ ही भाटापारा क्षेत्र के टोहडी घाट, सेमरिया घाट शिवनाथ नदी के दोनो तट क्षेत्र मे भी सघन पौधा रोपण किये जाने की दिशा मे सार्थक पहल करें ताकि गर्मी की तपिश से हलाकान जिंदगी को सुकून प्राप्त हो सके।

# पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया विधायक इन्द्र साव ने

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने वाली संस्था ग्रीन आर्मी द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इन्द्र साव ने कहा कि वृक्ष हैं तो जीवन है शुद्ध प्राण वायु के लिए अहम है इनका होना और बचाया जाना। यह तभी संभव होगा जब हम संकल्प लें कि पौध रोपण के साथ संरक्षण और संवर्धन भी करेंगे। ग्रीन आर्मी की शहर इकाई द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए विधायक साव ने न केवल वृक्षों के संवर्धन और संरक्षण को जरूरी बताया बल्कि प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने में सभी का सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प जरूरी है। पर्यावरण संवर्धन के लिए आज जल संरक्षण सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि प्लास्टिक का उपयोग न केवल बढ़ रहा है बल्कि वेस्ट का निपटान कठिन हो रहा है। विधायक इन्द्र साव ने पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में शामिल ग्रीन आर्मी के समस्त पदाधिकारियों को आयोजन के लिए बधाई दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके उपरांत अतिथि स्वागत की कड़ी में ग्रीन आर्मी के स्थानीय सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ग्रीन आर्मी की नई इकाई को शपथ दिलाई गई। जिसमें नई कार्यकारिणी के गठन के पश्चात नए सिरे से कार्य योजना बनाने की घोषणा की। इस मौके पर रायपुर से आए अतिथि ग्रीन आर्मी के प्रदेश संस्थापक अमिताभ दुबे, डॉक्टर हितेश दीवान, तरुण शर्मा, श्रीमती अंजना एस भाटे, श्रीमती सुमन दीवान सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए संस्था के उद्देश्यों को विस्तार से बताया साथ ही पर्यावरण की महत्ताए वृक्षारोपण की आवश्यकता एवं प्रदूषण जैसी परिस्थिति के कारण निवारण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत मे ग्रीन आर्मी की नई इकाई को शपथ दिलाई गई जिसमे नई कार्यक्ररिणी के गठन के पश्चात नए सिरे से कार्ययोजना बनाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन ग्रीन आर्मी अध्यक्ष डॉ. सीमा अवस्थी, डॉ. अरुण छाबड़ा, राजकुमार मल, वीणा साहू, बसंत भृगु, दीपक शुक्ला, दिवाकर मिश्रा, त्रिलोक सलूजा, नारायण साहू, अशोक यदु, आरपी पटेल, सत्यजीत सेन्डे, गिरीश वाढ़ेर, सुधीर मिश्रा, सुनिल दुबे, आलोक मोदी, वीणा साहू, सीमा मल, गायत्री आडिल, डॉ. इंद्राणी साहू, कल्याणी साहू व गौरी भृगु सहित बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

# शराबी कार चालक के विरूद्ध पुलिस ने की कार्यवाही

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** पुलिस प्रशासन द्वारा अपराधों की रोकथाम की दिशा मे त्वरित कार्यवाही करते हुये शराब पीकर वाहन चलाने के दौरान दुर्घटना करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उपरोक्त संबंध मे थानेदार योगिताबाली खापर्डे ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति ने शराब पीकर कार चलाते हुये बस स्टैड क्षेत्र मे दो वाहनो को ठोकर मारकर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया था उक्त प्रकरण मे पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर आरोपी संजय चन्द्रवंशी



निवासी जीएडी कालोनी सिमगा को पकड़कर उसका डाक्टरी मुलाहिजा कराया जिसमे उसके द्वारा नशे मे धुत होकर चौपहिया वाहन कार क्रमांक सीजी 09 जेएल 6888 को चलाते हुये बस स्टैड क्षेत्र मे सड़क किनारे खडी कार हेक्टर क्रमांक सीजी 29 ए 8359 तथा एक अन्य चौपहिया कार मारूति इको क्रमांक सीजी 22 एबी 5762 को ठोकर मार दिया था उक्त दुर्घटना मे एक व्यक्ति को गंभीर रूप से चोट पहुंचा था जिसे तुरंत हास्पिटल पहुंचाया गया चंदू वर्मा की रिपोर्ट पर पुलिस ने नशे मे धुत कार चालक संजय चन्द्रवंशी के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुये उन्हे गिरफ्तार किया गया है व उनके कार को जब्त कर लिया गया है। संजय चन्द्रवंशी मूल रूप से कबीरधाम जिला पंडरिया के निवासी है।

# मंडी प्रांगण में जबरदस्त आवक

## लाइन में लगे लोगों को पेयजल व घोल का वितरण

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** कृषि उपज मण्डी मे लगातार रबी धान की बंपर आवक का सिलसिला जारी है नगर मे चारों दिशाओं की सड़को पर शनिवार को भी लगभग 650 से अधिक छोटे बडे चौपहिया वाहन जिसमे डीआई, माजदा, ट्रक, मेटोडोर, पिकअप, छोटा हाथी सहित अन्य वाहनो के अलावा इक्का दुक्का बैलगाडी मे भी किसान अपनी उपज बेचने पहुंचे जहां भीषण गर्मी मे उन्हे सड़को पर हीं धान बेचने के लिये प्रतीक्षा के साथ पसीना बहाना पड़ रहा है। धान बेचने आये तमाम किसान व धान से लदी वाहनो के ड्राइवर एवं परिचालक को कृषि उपज मंडी के कर्मचारियों ने शीतल जल के साथ साथ ओआरएस घोल का वितरण कर गर्मी मे उन्हे राहत पहुंचाया इसके अलावा मंडी प्रांगण मे काम कर रहे तमाम रेजा, हमाल, कुली, गाडीवान, तौलेया एवं मुंशी सहित अन्य लोगों को भी शीतल पेयजल तथा ओआरएस घोल वितरित किये गये। अनुविभागीय दंण्डाधिकारी नीतिन तिवारी तथा मंडी बोर्ड के प्रबंधक महेन्द्र सिंग सवन्नी के सख्त निर्देश पर मंडी प्रांगण व मंडी के बाहर पेयजल एवं ओआरएस घोल की व्यवस्था की गई है।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले युवक को पकड़ा गया



**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सख्त आदेश के बाद महिला व बच्चों से संबंधित अपराधों मे लिप्त लोगों के विरूद्ध तुरंत कार्यवाही के मिले निर्देश के बाद शहर पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले मे संलिप्त युवक को पकड़ा है। उपरोक्त संबंध मे थानेदार योगिताबाली खापर्डे से मिली जानकारी के अनुसार एक मार्केटिंग कंपनी मे कार्यरत युवती जो कि कंपनी का सामान बेचने के सिलसिले मे भाटापारा अप डाउन करती थी उसे भाटापारा रेल्वे स्टेशन के समीप मुकेश पटेल नामक युवक मिला व इस दौरान उसने अपना परिचय बढाकर युवती को शहर मे हीं किराये का मकान दिलाते हुये वहां उसे शादी करने का झांसा देकर 12 से 29 मई 2024 तक निरंतर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाते रहा उसके बाद युवती ने इस घटना पर शहर थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुये घटना मे लिप्त गांधी मंदिर वार्ड निवासी 23 वर्षीय युवक मुकेश पटेल को पुलिस ने पकड़कर सघन पूछताछ की जिसमे मुकेश पटेल ने युवती के साथ लगातार शारीरिक शोषण करने की बात कबूल की है मुकेश पटेल को धारा 376 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उपरोक्त कार्यवाही मे योगिताबाली खापर्डे व पुलिस टीम के लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### वरली मटके का सटटा पटटी लिखते सटोरिया धरा गया

**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के सख्त निर्देश के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन ने अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया है इसी कड़ी में सुहेला चौक के पास मोबाइल फोन के जरिए वरली मटके का सट्टा खिलाने के आरोप में एक युवक को घेराबंदी कर पुलिस दल ने पड़ा है पकड़े गए सटोरिये का नाम धन्नू कुमार चतुर्वेदी है जिसके कब्जे से मोबाइल फोन में लिखें वर्ली मटके का सट्टा तथा 1800 रुपए नगद राशि जप्त किया है उक्त सटोरिया के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है उक्त कार्वाई में सहायक उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह व अन्य लोग शामिल थे।

### हिन्दू मंदिरों में मूर्ति तोड़ने व घंटी चोरी की निंदा

**भाटापारा।** भाटापारा के नजदीक ग्राम भंवरगढ, ग्राम गोरदी, ग्राम शिकारी केशली एवं ग्राम लोहारी के स्थित हिन्दू मंदिरो की विभिन्न मूर्तियों को अज्ञात तत्वों ने तोड़कर मंदिर मे लगे तांबे की नाग व घंटी की चोरी कर ली है। उपरोक्त घटना की जानकारी होने पर अनेक हिन्दू संगठनो ग्रामीणों व विश्व हिन्दू परिषद के लोगों ने उपरोक्त गांव के थाना क्षेत्र मे पहुंचकर घटना की रिपोर्ट लिखाते हुये असामाजिक व शरारती तत्व को शीघ्र पकडने की मांग व घटना की निंदा की है। उपरोक्त घटना पर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आशीष अरोरा सहित सुहेला व हथबंद के थानेदारों ने जांच पड़ताल कर कार्यवही का भरोसा लोगों को दिया है।

### एसडीएम के निर्देश पर किसानों को मिला शीतल पेयजल



**भाटापारा।** भाटापारा मंडी क्षेत्र मे रबी फसल की धान की बंपर आवक लगातार जारी है। धान लेकर दूर दराज जिलो के विभिन्न गांव से आये कृषक व वाहन चालक जो कि तपती गर्मी मे सड़क पर 24-24 घंटे से अपनी उपज बेचने के लिये खडे है उनकी परेशानी को देखते हुये एसडीएम नीतिन तिवारी ने सभी लोगों को पेयजल के साथ साथ ओआरएस घोल वितरित करने का निर्देश दिया है उसके बाद तमाम किसान व वाहन चालको के साथ साथ खुले प्रांगण मे कार्यरत महिला मजदूर हलाल रेजा व तौलैया सभी को ओआरएस का घोल व शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया।

### मोनी बाबा मंदिर में हनुमान चालीसा व प्रसाद वितरण संपन्न

**भाटापारा।** स्थानीय रामसप्ताह चौक स्थित मोनी बाबा मंदिर हनुमान मंदिर एवं राम सीता मंदिर मे सैकडो श्रद्धालु भक्तो की उपस्थिति मे दिव्य महाआरती एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमे पीठ परिषद



आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी तथा सनातन धर्म के प्रचार मे लगे अन्य भक्तो ने भाग लिया। उपरोक्त अवसर पर आचार्य झम्मन शास्त्री, राकेश उपाध्याय, राजेश उपाध्याय, अभिषेक उपाध्याय, बजरंग टोडर, रमेश गुप्ता, घनश्याम पुरोहित, कोमल शर्मा, अशोक तिवाडी, बजरंग ध्रुव, प्रकाश राय, विरेन्द्र शर्मा सहित बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे।

जिले में पहुंचा प्रशिक्षु आईएएस का अध्ययन दल

# कलेक्टर के. एल. चौहान से की सौजन्य मुलाकात

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**बलौदाबाजार।** भारतीय प्रशासनिक सेवा छत्तीसगढ़ कैडर 2023 बैच के 4 प्रशिक्षु आईएएस की टीम शुक्रवार को अध्ययन एवं विकास गतिविधियों का अवलोकन हेतु बलौदाबाजार पहुंची। प्रशिक्षु अधिकारियों ने संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर श्री के. एल. चौहान से सौजन्य मुलाकात कर जिले में चल रहे विकास कार्यों सहित अन्य गतिविधियों से रूबरू हुए।कलेक्टर श्री चौहान ने प्रशिक्षु अधिकारियों को जिले की भौगोलिक स्थिति, इतिहास, उद्योग,संस्कृति एवं पर्यटन तथा ऐतिहासिक स्थल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने भी पंचायत विभाग द्वारा संचालित योजना से अवगत कराया। बिलासपुर में पदस्थ सहायक कलेक्टर आईएएस तन्मय खन्ना ने बताया कि चारों प्रशिक्षुओं को अलग -अलग जिले में सहयक कलेक्टर पदस्थ किये गए हैं। उनकी टीम रायगढ़,कोरबा, जांजगीर, बिलासपुर होते हुए आज बलौदाबाजार पहुंची है। इस दौरान जिले में स्थित निजी सीमेंट प्लांट में जाकर उनकी पूरी गतिविधियों एवं प्रक्रियाओं से रूबरू हुए। इसके साथ ही उनके प्रोसेसिंग यूनिट सहित माइंस की जानकारी हासिल की। प्रशिक्षु आईएएस में रायपुर में पदस्थ सहायक कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद,दुर्ग में पदस्थ सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, जांजगीर -चाम्पा में पदस्थ सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी एवं प्रशिक्षु आईएफएस अक्षय दिनकर भोसले शामिल थे। निरक्षण के दौरान उप संचालक खनिज प्रशासन के. के. बंजारे भी मौजूद थे।

# ईंट के प्रहार से युवक की मौत

**भाटापारा।** शहर थाना अंतर्गत नयागंज वार्ड मे ईंट के प्रहार से एक युवक के मौत की सूचना पर पुलिस ने संदीप भाट नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उपरोक्त संबंध मे थानेदार योगिताबाली खापर्डे ने बताया कि नयागंज वार्ड कात्यायनी मंदिर के समीप शेखर भाट के साथ पप्पू भाट, राजू साहू व बादल यादव बैठे हुये थे इसी दौरान कात्यायनी मंदिर के पीछे तरफ से संदीप भाट अपने मित्र ललित भाट के साथ वहां पहुंचा व कुछ हीं दूरी से संदीप भाट ने शेखर भाट को गाली गलौज करते हुये अपने पास बुलाया व वहीं पर पडे ईंट को उठाकर शेखर भाट को ईंट से मारा ईंट का प्रहार शेखर भाट के सीने मे लगने से वह झल्ला गया इस बीच उनके दोस्तो मे बीच बचाव किया इस घटना के बाद सभी अपने घर चले गये घर पहुंचने के बाद शेखर भाट का हाथ पैर अकड़ गया व कुछ देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर मामले मे अपराध पंजीबद्ध करते हुये धारा 302 कायम किया है।

# जिला पंचायत सीईओ ने भाटापारा जनपद में आकस्मिक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का लिया जायजा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा, बलौदाबाजार।** कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने भाटापारा जनपद कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में पहुँचकर कर्मचारियों से मुलाकात कर योजनाओं के सम्बंध में जानकारी हासिल की। इसके साथ ही जिला पंचायत सीईओ ने विकासखंड स्तरीय अधिकारी कृषि विभाग,ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा),तकनीकी सहायक,ग्राम पंचायत के सचिवों की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होने सभी अधिकारी कर्मचारियों को प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों को जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए है। इसके साथ ही जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के द्वारा ग्राम पंचायत देवरी मे मनरेगा एवं अन्य निर्माण कार्यों के साथ पंचायत भवन का जायजा लिया।

उन्होंने ग्राम पंचायत खोलवा मे सेग्रिगेशन शेड मे घर घर जाकर कचरा कलेक्शन करने वाली स्व सहायता की महिलाओं से चर्चा किया एवं स्वच्छता के संबंध मे अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ सत्यव्रत तिवारी, एसडीओ आरईएस,अभिजित मित्रा पीओ मनरेगा अविनाश पैकरा सहित,बीसी आवास एसबीएम,समस्त उप अभियंता तकनीकी सहायक,एडीईओ, करारोपण अधिकारी, सरपंच,सचिव,रोजगार सहायक, पीआरपी भी मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा में गुरुकुल विद्यार्थी साई अक्षित तिवारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भाटापारा** - सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित 2023-24 की बोर्ड परीक्षा में गुरुकुल विद्यार्थि साई अक्षित तिवारी का परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। अक्षित ने अपने शानदार परीक्षाफल द्वारा अपने पालक एवं गुरुकुल विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय को गौरवान्वित किया। बारहवीं परीक्षा में विज्ञान संकाय मे साई अक्षत तिवारी ने 90.20% अंक प्राप्त किया । सफलता का श्रेय परिवारजन, शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन एवं स्वयं के अथक परिश्रम को दिया। गुरुकुल विद्यालय प्रबंधन ने सफलता पर उन्हें बधाई दी है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए। शिक्षाविद सुश्री अनिता तिवारी के भतीजे व राधाचरण तिवारी , श्रीमती नीलम तिवारी शिक्षिका के सुपुत्र है।

# कलेक्टर ने अपने आवास पर टॉपर छात्राओं को कराया भोज

कैरियर को लेकर दिए जरूरी टिप्स



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर श्री के. एल. चौहान ने 10वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले जिले की पांचों छात्राओं को भोज के लिए आमंत्रित किया। कलेक्टर के आमंत्रण पर रविवार को पांचों छात्राओं ने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित कलेक्टर आवास भोज हेतु पहुंचीं। कलेक्टर श्री चौहान ने इस दौरान छात्राओं को आगे की पढ़ाई एवं कैरियर के सम्बंध में महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। गौरतलब है कि 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में जिले के 5 छात्राओं ने स्थान बनाया है जिसमें 10वीं में निधि साहु 5 वां, 12 वीं में कोपल अम्बष्ट दूसरा, प्रीति तीसरा, डॉली पटेल एवं अदिति साहु संयुक्त रूप से 6 वां स्थान शामिल हैं। कलेक्टर श्री के. एल. चौहान ने विगत दिनों संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान इन सभी छात्राओ को अपने आवास में भोज के लिए आमंत्रित किया था।

# प्रशासनिक अर्थव्यवस्था को लेकर पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन



**भाटापारा।** प्रशासनिक विभाग मे व्याप्त लचर व्यवस्था व जन सामान्य के कार्य नहीं होने तथा अधिकारी कर्मचारियों के घुलमुल रवैये के विरोध मे नगर के पत्रकारों ने मोर्चा खोलते हुये जिला कलेक्टर व एसपी तक उक्त मुददे को उठाते हुये ज्ञापन सौंपा है जिसके बाद विश्रामगृह मे एसडीएम नीतिन तिवारी एवं एसडीओपी आशीष आरोरा की उपस्थिति मे बैठक आयोजित कर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई व आने वाले सप्ताह मे समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन अधिकारियों ने दिया। उपरोक्त बैठक मे एसडीएम नीतिन तिवारी, एसडीओपी आशीष अरोरा, टीआई रितेश मिश्रा के अलावा सहित अनेक पत्रकार मौजूद थे।

# नवतपा के नौवे दिन भाटापारा क्षेत्र में कपड़ा भिगाउ बारिश

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** चिलचिलाती धूप व गर्मी के बीच नवतपा के आखिरी दिन रविवार को भाटापारा क्षेत्र का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दोपहर को रहा वही शाम साढे तीन बजे बिजली की तेज कड़क के साथ दस मिनट की अचानक हुई बारिश से क्षेत्रवासियों ने मामूली राहत की सांस ली लेकिन शाम होते होते फिर से उमस के कारण लोग बेहाल रहे इधर कृषि उपज मंडी मे रविवार अवकाश के बाजवूद सैकडो वाहन मे धान लेकर दूर दराज जिलो के अनेक गांव से रबी धान की उपज को बेचने पहुंचे सैकडो किसानो को अचानक हुई बारिश से थोडी परेशानी हुई वहीं किसानो के हजारो बोरे धान जो मंडी प्रांगण मे खुले रूप से पडे है वे भी मामूली रूप से भीग गये अनेक मंडी कर्मचारी मौसम के बदलते मिजाज को देखकर मंडी प्रांगण मे व्यवस्था बनाने पहुंचे व माकूल इंतजाम वहां पर किया इस बीच नवतपा के पूरे नव दिन भाटापारा क्षेत्र मे कड़ाके की गर्मी पडने से लोग हलाकान रहे नौवे दिन थोडी सी राहत जरूर मिली है इस बीच नवतपा के दौरान ग्राम बकुलाहीं मे हिट स्ट्रोक से एक युवक की मौत भी हुई वहीं गर्मी के प्रचंड तेवर से शहर के निजी व सरकारी हास्पिटलो मे अभी भी सैकडो लोग गर्मी जनित बीमारी से पीडित होकर अपना इलाज करा रहे है जिसमे लू पीडित, उल्टी दस्त, हाथ पैर दर्द, सिर दर्द सहित अन्य बीमारियों के मरीज भर्ती है कुल मिलाकर नवतपा के नौ दिनो मे क्षेत्र के नागरिको की हालत खराब करके रख दी है।

# इन्द्र साव के प्रयास से एससी एवं एसटी वर्ग के लोगों को जाति प्रमाण पत्र नियम में शिथीलीकरण का लाभ मिलेगा, सर्वत्र हर्ष का माहौल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** क्षेत्र के विधायक इंन्द्र साव द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान उठाई गई मांग के बाद छत्तीसगढ शासन ने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों के लिये जाति प्रमाण पत्र बनवाने के नियमो का सरलीकरण कर दिया है। जिसके तहत अब 1950 के पूर्व के दस्तावेजों की जरूरत नहीं होगी। ग्रामीण क्षेत्र के लिये ग्राम सभा का प्रस्ताव व शहरी क्षेत्र के लिये नगर पालिका व नगर पंचायत का प्रस्ताव को मान्य कर दिया गया है। उपरोक्त मांग पर स्वीकृति मिलने पर इंन्द्र साव ने राज्य शासन का आभार प्रकट किया है। इधर इंन्द्र साव के द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के लोगों ने जनहितैशी कार्य स्वीकृति पर प्रसन्नता प्रकट करते हुये उन्हे बधाई दी है। जिसमे देवनारायण बांधे, अशोक ध्रुव, संतोष साहू, मुकेश साहू, लालू साहू, अरूण यदू, दिवाकर मिश्रा सहित सैकड़ो लोग शामिल है।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नगर मे विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रेल्वे स्टेशन के समीप मंगल पांडे के मार्गदर्शन मे एवं दसोदी सिंग के नेतृत्व मे विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चो को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाने एवं नशा पान से दूर रहने के उपाय बताये गये साथ हीं धूम्रपान के खामीगत प्रभाव के संबंध मे भी जानकारी दी गई। उपरोक्त मौके पर रेल्वे थाना के प्रभारी राजेश मिश्रा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम मे सुलोचना देवांगन, बिंदेश्वरी टंडन, अनिता लहरे, प्रियंका मेश्राम, यशपाल जांगडे, दशोदा बाई साहू, देवेन्द्र साहू, गेंदमती अहीर, साधना ध्रुव, सरस्वती यादव, हेमंत यदू, गेसलाल साहू व यशोदा साव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

# छत्तीसगढ़ की प्रचंड जीत कार्यकर्ताओं और जनता को समर्पित : देव

***पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित 11 में से 10 कांग्रेस प्रत्याशियों का हारना मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन पर मुहर:किरण देव***



रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मिले पूर्ण बहुमत को ऐतिहासिक जनादेश बताते हुए अपनी विजय को पूरी विनम्रता से शिरोधार्य करते हुए इसे भारत के 140 करोड़ देशवासियों की जीत बताया है।





पार्टी के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त कर विकसित भारत -विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने और विश्व मंच पर भारत के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठित करने के लिए प्रदेश की जनता का हृदय से आभार मानकर बधाई दी है। केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्ता सम्हालने के लिए मिले जनादेश के दृष्टिगत राजधानी समेत पूरे प्रदेश में भाजपाजनों में उत्साह है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा की शानदार जीत पर प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत जनता और प्रधानमंत्री श्री मोदी 10 वर्षों में किए गए काम और लिए गए क्रांतिकारी निर्णयों की जीत है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर देश की जनता ने जो अपना विश्वास व्यक्त किया है, अब भाजपा की डबल इंजन की सरकार उस विश्वास की कसौटी पर खरी उतरने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। श्री देव ने कहा कि ये नतीजे इस बात के प्रमाण हैं कि भारत और विशेषकर छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की एक सशक्त सरकार के के लिए अपना निर्णय व्यक्त किया है। ये नतीजे इस बात की तस्दीक भी कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार ने %सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के अपने उद्घोष में निहित सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ काम किया है आगे भी यह करती रहेगी। श्री देव ने कहा कि भाजपा-एनडीए को ऐतिहासिक बहुमत के साथ जनता जनार्दन ने सत्ता सौंपी है और भाजपा जन-विश्वास की कसौटी पर खरी उतरेगी।

# निधन-अशोक ताम्हणे



**भाटापारा।** स्थानीय मार्डन इंग्लिश स्कूल के संचालक अशोक ताम्हणे का निधन हो गया वे स्कूल के प्राचार्य श्रीमती प्रीति ताम्हणे के पति थे। वह कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे उनके निधन पर अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि दी है।

# राममय छत्तीसगढ़




अयोध्या के राम मंदिर में रामलला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का दिन 21 जनवरी 2024।जब राम जन्मभूमि अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला विराज रहे थे। तब समूचे भारत सहित विदेशों में रह रहे भारतीयों के मन में नवउमंग, उत्साह स्वयंस्फूर्त संचारित हो उठा। सदियों प्रतिक्षारत स्वर्णिम काल को अपने ह्रदय में संजोते हुए भारत के नगर ही नहीं गांव-गांव में राम की भक्ति में सराबोर लोगों की अपार श्रद्धा बस देखते ही बनती थी। हर नगर, गांव में राम का जयकारा.. और तुमुल शंखनाद के साथ अपार जनसमूह का जुलुस सड़कों पर उमड़ पड़ा। जिसकी जैसी शक्ति और राम की ध्वजा फहराते लोगों ने राममय कर दिया।

छत्तीसगढ़ में श्री राम का ननिहाल है इसी के साथ छत्तीसगढ़ में राम और राम के साथ जुड़े प्रसंगों को लेकर राम को समर्पित करते हुए मीडिया लिंक ने राममय छत्तीसगढ़ प्रकाशित कर छत्तीसगढ़ी साहित्य को राम मय कर दिया।

छत्तीसगढ़ के साहित्य, संस्कृति, शिल्पकला, परंपरा में राम कैसे रमे हैं ? इसे साकार करने के लिए राम पटवा, अरविंद मिश्र और आशीष सिंह ने राममय छत्तीसगढ़ प्रकाशित कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया।

छत्तीसगढ़ में अयोध्या और छत्तीसगढ़ के अंतर्संबंध रामकथा के संदर्भ में लेख पुराविद् प्रभात कुमार सिंह की पूर्व कुलपति लक्ष्मी शंकर निगम के बातचीत पर आधारित है जिसमें तथ्यों सहित पौराणिक साहित्य और मूर्ति शिल्प को समाविष्ट किया गया है। छत्तीसगढ़ की स्थापत्य कला में राम कथानक पर डॉ.कामता प्रसाद वर्मा एवं जी.एल. रायकवार के लेख हैं। छत्तीसगढ़ में राम कथा शीर्षक से हरि ठाकुर के लेख में राम पर लिखे गए ग्रंथों की सूची भी है। कौशल्या की जन्मस्थली छत्तीसगढ़ है इस पर डॉ. शोभा निगम का सटीक लेख है। दंडकारण छत्तीसगढ़ी ही है पौराणिक धार्मिक ग्रंथों एवं इतिहास से इसकी पुष्टि होती है कृष्ण कुमार झा ने इसे विस्तार पूर्वक लिखा है। राम ने अपने वनवास काल में दक्षिणपथ को ही क्यों चुना। इसे आर्यों की दिग्विजय यात्रा से जोड़ते हुए रविंद्र गिन्नोरे ने लिखा है। भगवान राम की बाल लीला और दशरथ आनंद शीर्षक से राम पटवा ने लिखा है। योतिषाचार्य डॉ. शरण त्रिपाठी ने राम और रावण की कुंडली में समानता बताते हुए उसे विश्लेषित किया है।राम सिंह ठाकुर ने हल्बी भी भाषा में रामचरितमानस लिखी है जिसका संक्षिप्तीकरण प्रस्तुत किया गया है। छत्तीसगढ़ की लोकोक्ति यां पहेलियों में रामडॉ. अनसुइया अग्रवाल के साथ डॉ. पीसी लाल यादव ने विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया है। रामकथा की वाचिक और शास्त्रीय परंपरा को लेकर ब्रजकिशोर सिंह ने लिखा है। राहुल कुमार सिंह ने सबसे छोटी रामकथा छत्तीसगढ़ में रामनामी, राम कोठी परंपरा, बापुरा रावण सहित रामलीला पर वृहत लेख लिखा है। छत्तीसगढ़ की चित्रोत्पला गंगा कहीं जाने महानदी को उकेरते हुए आशीष सिंह ने कौसल्या और राम को लेकर मर्मस्पर्शी लेख लिखा है। समर बहादुर सिंह देव की सरगुजिया नृत्य गीत रामायण को समावेश किया गया है। छत्तीसगढ़ में शबरी के राम में प्रो.अश्वनी केसरवानी ने राम के विविध प्रसंगों के साथ मंदिरों को समाहित किया है। निचले पायदान पर खड़े लोगों के अपने श्री राम शीर्षक से डॉ.परदेसी राम वर्मा, विश्वमय राम: सिया राममय सब जग जानी शीर्षक से अरविंद मिश्र,एवं तुलसी और गांधी का राम-राय शीर्षक से डॉ. राजेश शुक्ला का लेख समाहित किया गया है।

रामायण ने देश की सीमाओं के उस पर के मानस को प्रभावित किया, तो रामचरितमानस ने देश के भीतर जनमानस को।.. लिखते हुए डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने भारतीय ग्रंथ परंपरा में रामायण और मानस की विवेचना की है। अजय कुमार चतुर्वेदी ने श्री राम सरगुजा अंचल के लोकगीतों में प्रस्तुत किया है। छत्तीसगढ़ की बेटी कौशल्या, राम को गढ़ने वाली मां में पंचराम सोनी ने राम के जीवन को के विविध प्रसंगों को उकेरा है। राम नाम एक विवेचन में डॉ. वसुबंधु दीवान ने राम शब्द की व्याख्या करते हुए जीवन के विज्ञान को विश्लेषित किया है। कैकई का संकल्प और श्री राम में प्रभात मिश्र ने कैकई के जीवन वृत्त को उकेरते हुए राम के प्रति उनके अहेतुक प्रेम को प्रदर्शित करते हुए लिखा है। धनराज साहू का छत्तीसगढ़ में लघु प्रबंध काव्य कैकई कथा का संक्षिप्त परिचय समाहित किया गया है।

वीरेन्द्र बहादुर सिंह का हिंदी में शोध प्रबंध कोशल -किशोर: अवतार से वनवास तक के चुनिंदा सर्ग प्रस्तुत किए गए हैं। आनंद के धाम श्री राम डॉ. रामकुमार बेहार का राष्ट्रीय खंडकाव्य प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कृत के चुनिंदा पद्यांशों को प्रस्तुत किया गया है। छत्तीसगढ़ के रामायणी एक थे रामायणी दाऊद खान के जीवन वृत्त पर डूमन लाल साव ने कलम चलाई है। राम के वनवास का भूगोल एफ.ई. पार्जीटर के दि योग्राफी आफ रामास एक्साइल का भावानुवाद अशोक तिवारी ने बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया है। डॉ. अनुराधा दुबे ने राम वनगमन पर्यटन पथ को प्रस्तुत करते हुए राम वनगमन पर्यटन परिपथ को कैसे विकसित किया जा रहा है इस पर आलेख प्रस्तुत किया। अंत में डॉ. हेमू यदु ने छत्तीसगढ़ पर्यटन में राम वन गमन पथ के 75 स्थान की सूची प्रस्तुत की है। राममय छत्तीसगढ़ में राम के जीवन के प्रसंग को लेकर विषय विशेषज्ञों के 36 लेख समाहित किए गए हैं। एक पुस्तक में एक साथ धर्म, संस्कृति, इतिहास सहित परंपरा के साथ जनमानस से जुड़े राम और रामायण पर राममय छत्तीसगढ़ ने सचमुच रामणय हुआ दिखता है। राममय छत्तीसगढ़ को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत किया है जिसमें राम पटवा, अरविंद मिश्रा सहित आशीष सिंह के संपादन कौशल की झलक दिखती है। संपादक मंडल ने अल्प समय में एक यादगार ग्रंथ तैयार कर जनमानस को सौपा है। राम नाम के सागर में राममय छत्तीसगढ़ की नाव से पाठकों को भवसागर पार कराती पुस्तक के लेखकों, संपादकों सहित मीडिया लिंक प्रकाशन को साधुवाद। राममय छत्तीसगढ़ संपादक मंडल- राम पटवा,अरविंद मिश्र आशीष सिंह, प्रकाशक- मीडिया लिंक, 413 ऐश्वर्या गर्ल्स हॉस्टल के पास, सुंदर नगर रायपुर।

**(पुस्तक समीक्षा) - वीरेन्द्र शर्मा**

# धरती पर भयावह होता हमारा भविष्य

**(5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष)**

वन्दे मातरम्।
सुजलाम् सुफलाम मलयजशीतलाम।
शस्यश्यामलां मातरम्।
शुभ्र ज्योत्स्ना-पुलकित यामिनीम,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशेभिनीम...

प्रकृति की नैसर्गिक छटा को चित्रित करता हमारा राष्ट्रगीत सांप्रदायिक राजनीति में घिसटकर प्रदूषित हो गया इसे अब स्कूलों में गाए जाने पर परहेज किया जा रहा है। प्रदूषण इतना बढ़ रहा कि हमारे पोते, पड़पोते सुजला सुफला-शस्य श्यामला का ही नहीं, शुभ्र ज्योत्सना का मतलब पूछ बैठेंगे..? एयरकंडीशंड के फौलादी जंगल में फंसे हम उन्हें इसका मतलब क्या बताएंगे..?

क्योंकि तब तक तो भारत में ताजी हवा लेने के लिए पेशाबघरों जैसे शुद्ध वायु लेने के लिए बूथ बन चुके होंगे। ताजी हवा के लिए अपनी जेब हल्की करनी पड़ेगी।

### जन्मजात बच्चे रोगी-

गर्म होती हुई धरती के मिजाज ने अहसास करा दिया है कि बदलती आबोहवा उस मोड़ तक आ पहुंची है, जहां हम बूढ़े नहीं होंगे...! याने अल्पायु में रोग हमें घेर लेंगे। लाइलाज होते रोग हमें उम्रदराज नहीं होने देंगे। भूख से किसी की मौत नहीं होगी। हर आदमी किसी-न-किसी बीमारी से अभिशप्त हो जाएगा। राजा और प्रजा बराबर हो जायेंगे। आम आदमी भी बड़े मजे से राजरोग का शिकार होता रहेगा।

जनसंख्या घटाने के लिए सरकारी कार्य मों पर खर्च होने वाली राशि अब बच जाएगी। जनसंख्या नियंत्रण का वृहत कार्य म भी बंद करा दिया जाएगा, क्योंकि आदमी इतना निरीह हो जाएगा तो बच्चे पैदा कहां से कर सकेगा..! कई देशों में प्रदूषण के चलते जन्मदर गिर गई है, वहीं जन्मजात शिशु कई रोगों को साथ लिए पैदा हो रहे हैं।

### बारिश हुई तेजाबी-

विकासवाद के सिद्धांत के अनुसार औद्योगिक विकास के शिखर पर पहुँच चुके देश अब अपनी बगलें झांक रहे हैं। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दे दी है कि अब पेड़ न काटे जाएं। जंगलों को लगे रहने दें। प्रदूषण का खरदूषण उन काले-कजरारे मेघों को भी लील गया है जो अमृतमयी वर्षा करते थे। अब जहां तहां अम्लीय वर्षा जीवन को शून्य कर रही है। उमड़ते-घुमड़ते बादल कब बरसे, इसकी आस लिए नहीं बल्कि रिमझिम वर्षा से बचने के लिए हमें कां ीट के जाल का सहारा लेना पड़ेगा, क्योंकि अब ऐसी बरसात विषैली, अम्लीय होगी। तब जो लोग मेघदूत को पढ़ेंगे तो उन्हें कालिदास पर हंसी आएगी कि इतना महान कवि कैसे बेवकूफ था..? और कैसा था उसका यक्ष, जिसने ऐसे विष भरे मेघों को अपना संदेशवाहक बनाया वह भी अपनी प्रियतमा के पास संदेशा देने के लिए...।

### हमारा विष भरा भोजन-

आज का मानव भगवान शंकर का सहोदर बन गया है, जिन्होंने समुद्र मंथन से निकले विष को अपने कंठ में धारण कर लिया था। अब हम सब नीलकंठ विषपायी बन अपने कंठ में नहीं, बल्कि उदर विषपायी बन चुके हैं। हर रोज भोजन के साथ अनेक विषैले तत्वों को हजम कर रहे हैं। डीडीटी, एल्ड्रिन,पेस्टीसाइड्स, हर्बीसाइड्स जैसे खतरनाक विष कीड़े तो मार देते हैं और उसी का अंश हम रोज थोड़ा-थोड़ा निगल जाते हैं। तेज से तेज विष अब खोजें जा रहे हैं। डीडीटी एडिक्ट हुए मच्छर अब दुनियां में मलेरिया का आतंक फैला रहे हैं। प्रकृति को नष्ट करते पेड़ों की हजारों प्रजातियां व जीव-जंतुओं की प्रजातियां अब नहीं रहीं। ऐसी प्रजातियां बर्दास्त नहीं कर पाईं इस बदलाव को, जैसा कि आज मनुष्य में बदलाव आया है।

**पृथ्वी की छतरी में छेद-** स्माग स्मोक एंड फॉग अर्थात् धुआं और कोहरा उस भस्मासुर की याद दिलाता है, जिसके डर से भगवान शंकर भी डरकर भागे-भागे फिरे थे। तब पार्वती ने मोहनी रूप धरकर उसे भस्म किया था। अब हजारों हजार भस्मासुरों ने सिर उठा लिया है। औद्योगिक विकास के पर्याय बने भस्मासुर दिन-रात उगल रहे हैं धुआं। सडकों पर रेंगते वाहन ऐसे भस्मासुर का ही रूप है। अब कोई मोहिनी इन भस्मासुर को खत्म नहीं कर सकती। आखिर, इतने सारे भस्मासुरों के लिए एक मोहिनी तो पर्याप्त नहीं होगी। फैलता धुआं और गहराती कालिख ने एक परत बिछा दी है। फैलते प्रदूषण से हमारी ओजोन परत भी विदीर्ण होने लगी है।अंटार्कटिका में ओजोन की परत में छेद हो गया। इसका पता वैज्ञानिकों को 1984 में लगा। इसके साथ ही उत्तरी गोलार्ध, एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका के एक बड़े भाग के ऊपर आसमान में ओजोन को विघटित करने वाले रसायनों का जमाव हो गया है। सूर्य की पराबैगनी घातक किरणें इन्हीं विदीर्ण राह से आ रही हैं, जो तेजी से चर्म रोग तो फैला रही हैं, वहीं खेती और पशुपालन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। सूर्य की घातक किरणों को रोकने के लिए हमारे वैज्ञानिकों के पास अंजनीपुत्र हनुमान नहीं हैं, जिसे वे आदेश देते। आज हनुमान नहीं हैं, नहीं तो वे सूर्य को लील लेते, तब तक हम ओजोन की छतरी की मरम्मत कर लेते। पराबैगनी किरणों से बचने के लिए अब हमें शुतुरमुर्ग का अनुसरण कर रेत में सिर छुपाना होगा। रेफफ्रिजरेटर, एयरकंडीशनरों और उन उत्पादों को हम छोड़ नहीं सकते, जिन्हें बनाने में क्लोरो-फ्लोरो कार्बन का इस्तेमाल होता है।यही गैस जिम्मेदार है, ओजोन की छतरी को विदीर्ण करने के लिए। इनका उत्पादन बढ़ता ही जा रहा है। नीम की छांव में बैठने की बजाए गद्देदार बिस्तर ही सुकून देते हैं, जहां एयरकंडीशनर हो। मशीनी मानव को इतनी फुरसत कहां मिलती है कि वह पेड़ों को तलाशे। अब तो ड्राइंग रूम में टीवी के ऊपर रखे गमले में सदाबहार प्लास्टिक का पेड़ ही हरे रंग का अहसास करा रहे है।

### जंगल हुए वीरान-

यावत् भूमंडल धत समृगवन कानन।
तावत तिष्ठति मेदिन्याम् संतति: पुत्र पौत्रिकी। वेदों के रचने वालों ने वनों के महत्व को बताते हुए कहा था कि 'जब तक धरती वृक्षों एवं वन्य जीवों से समृद्ध वनों से सम्पन्न है, तब तक वह मनुष्यों की संतानों का पोषण करती रहेगी।' जंगलों,पहाड़ों को समृद्ध बनाने के लिए द्वापर युग में श्रीकृष्ण सबसे पहले आगे आए। गौपालक कृष्ण ने इन्द्र पूजा को नकार कर गोवर्धन पर्वत और वनों की पूजा का धार्मिक विधान बनाया। जंगल, पहाड़ों से ही जल और वायु शुद्ध होते हैं। इन्द्र के कुपित होने पर कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों की रक्षा की थी। अब जगह जगह बादल फटने लगें हैं,ऐसी विभीषिका से बचाने एक कृष्ण कहां-कहां जाएंगे!

### नदियां हुई बदहाल-

हमारी जीवनदायिनी नदियां विषाक्त हो चली हैं। बोतल बंद पानी बेचने के लिए नदियों को प्रदूषित बनाए रखने वाले नाग बढ़ गये हैं श्रीकृष्ण ने यमुना नदी को ज़हरीला करने वाले कलियानाग का दमन किया था। अब यमुना ही क्या गंगा, कृष्णा, कावेरी, ब्रह्मपुत्र सहित देश की हर नदियां बदहाल हैं। कृष्ण ने ही गोवंश के महत्व को समझाया, जिसके दम पर भारत कभी सोने की चिड़िया कहलाता था। जहां दूध-दही की नदियां बहती थीं। उसी देश में आज सिंथेटिक दूध बिक रहा है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए निरापद नहीं है, यह हम जानते हैं फिर भी उसका उपयोग कर रहे हैं।

### लौटें प्रकृति की ओर-

धर्म और समाज में सन्निहित मानव प्रकृति का अविभाज्य अंग है। जहां सूर्य चमकता है, हवा बहती है और नदियां जल देती हैं। प्रकृति की नैसर्गिक धरोहर को हमारा आधुनिक सभ्य समाज संजो नहीं पाया है। मध्यकाल में विश्नोई समाज की महिलाओं का आत्मोसर्ग अब इतिहास के पन्ने में सिमटकर रह गया है। विश्नोईयों ने राजाज्ञा के खिलाफ पेड़ों को काटने के खिलाफ उनसे लिपट कर अपने प्राण दे दिए। पेड़ से लिपटकर जीते जी कट मरे! केवल पेड़ों को बचाने के लिए! इनकी दारूण गाथा में मानव का प्रकृति के साथ अटूट रिश्ते का संदेश निहित है।अब कभी कभार होने वाले समारोह और गोष्ठियों में वन, प्रकृति, जल, जंगलों को याद कर लिया जाता है, परन्तु इनका अनुसरण करके हम सब सुंदरलाल बहुगुणा क्यों नहीं बन सकते, जिन्होंने 'चिपको आंदोलन' से वन संरक्षण करने की एक दिशा दी। आज हम पर्यावरण बचाने का एक नाटक करते हैं, प्रतीकात्मक रैली निकालकर, सडक़ों पर प्रदर्शन कर अपनी शाक्ति प्रदशर्न करते हैं। जिसके बाद शुरू होती है, बड़ी-बड़ी गोष्ठी, एयरकंडीशन हाल में, जहां बैठकर चटखारे ले वन और वन्य जीवों पर चिंता व्यक्त करते हैं और थककर चूर-चूर हो जाते हैं, जबरन लबादा ओढक़र। नीलकंठ विषपायी मानव को आज जरूरत है कृष्ण का अनुसरण करने की। समाज को चाहिए कि वह विश्नोई समाज को आदर्श माने और अपने ही लगाई बगिया में जाकर उन बचे-खुचे पेड़ों को थोड़ा सा सहेज ले तो घर ही नहीं, देश-दुनिया फिर हरी-भरी हो जाएगी।

**रविन्द्र गिन्नौरे**

# वंदनागोपाल सर्जना श्री से सम्मानित

बलौदाबाजार-भाटापारा। नगर की सर्जना महिला साहित्य समिति कांकेर के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्तज्योतिष मनीषी, वरिष्ठ साहित्यकार, संपादक सूर्य पंचांग डॉ. गीता शर्मा की कृति ''धन्य धरा पुकारती'' काव्य संग्रह एवं गीत का लोकार्पण '' 16 मई 2024, जानकी नवमी '' के सुअवसर पर डॉ. हर्षवर्धन तिवारी, पूर्व कुलपति, बरकतुल्ला वि.वि. भोपाल, (म.प्र.) एवं मुख्य ट्रस्टी श्रीराम सत्यलोक हित ट्रस्ट छ.ग. के मुख्य आतिथ्य में होटल आनंदम सिटी मॉल कांकेर के सभागार में सम्पन्न हुआ।



## सरस्वती वंदना से शुरूआत

सर्वप्रथम विद्या की अधिष्ठात्री देवी मॉं शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवल्लन करते हुए वंदना के साथ कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेशचन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ साहित्यकार एवं अध्यक्ष, प्रगतिशील लेखक संघ कांकेर, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री अजय मंडावी कांकेर, डॉ. सरला आत्राम, प्राचार्य भानु.शा.स्ना.महा. कांकेर, डॉ रीता तिवारी, वरिष्ठ साहित्यकार, रायपुर, श्रीमती शांति तिवारी, पूर्व प्राचार्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार जगदलपुर,शिवसिंह भदौरिया, वरिष्ठ साहित्यकार, अध्यक्ष संगत साहित्य परिषद कांकेर एवं रिजेन्द्र गंजीर, संभागीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय कवि संगम कांकेर की गरियामयी उपस्थिति में लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

बिल्वाष्टक स्त्रोत अनुसार'' दर्शनं बिल्ववृक्षस्य स्पर्शनं पापनाशनम्, अघोरपापसंहारं एक बिल्वं शिवार्पणम को चरितार्थ करते हुए कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत और सम्मान पर्यावरण के प्रति प्रेम और संरक्षण के उद्देश्य को फलीभूत करने बेल के पौधों की भेंट करके किया गया।

## समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत की

मंचस्थ अतिथियों द्वारा ''धन्य धरा पुकारती'' काव्य संग्रह एवं गीत का भव्य लोकार्पण किया गया। मॉं सिंहवाहिनी को समर्पित गीत में मुख्य स्वर अवधेश लारिया एवं श्रीमती रीना लारिया के हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सर्जना महिला साहित्य समिति कांकेर के विगत 34 वर्षो से हो रहे संपूर्ण कार्यक्रम एवं कार्य योजनाओं की विस्तृत प्रतिवेदन कार्यक्रम की संयोजक डॉ. गीता शर्मा ने सभागार में रखते हुए कहा कि यह कार्यक्रम केवल काव्य संग्रह का लोकार्पण ही नहीं वरन राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में छूपी प्रतिभाओं को सम्मानित कर एक मंच पर आमंत्रित करना है, जिससे नवीन संकल्पनाओं की अवधारणा रखी जा सके। कार्यक्रम में चिकित्सा, साहित्य, ज्योतिष, कला, समाज सेवा, शिक्षा एवं धार्मिक जनजागृति में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लगभग 28 विभूतियों को मंच से सम्मानित किया गया।

## समाज को दशा दिशा देने वाली-श्री भदौरिया

डॉ गीता शर्मा की 10 वीं कृति ''धन्य धरा पुकारती'' काव्य संग्रह पर समीक्षात्मक टिप्पणी करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार श्री शिवसिंह भदौरिया ने कहा कि डॉ. गीता शर्मा की लेखनी भाव प्रधान, बोधत्व, पर्यावरण चिंतन, धार्मिक विचार धारा से युक्त एवं मानवीय संवेदनाओं को उकेरते हुए समाज को दशा एवं दिशा देने में सहायक होगी। उक्त काव्य संग्रह के सृजन हेतु उन्होंने अपनी ओर से शुभकामनाएँ संप्रेषित किया।

## सशक्त लेखन की कामना-डॉ. सरला आत्राम

विशिष्ट अतिथि डॉ. सरला आत्राम ने काव्य संग्रह के लोकार्पण पर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके लेखनी को और अधिक सशक्त होने की कामना की। पद्मश्री अजय मंडावी ने काव्य संग्रह के लोकार्पण एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए डॉ. गीता शर्मा को बधाई देते हुए इस प्रकार के अनुकरणीय कार्यक्रमों को भविष्य में और आयोजित करने का आग्रह किया।

## कालजयी रचनाओं की प्रासंगिकता-सुरेशचंद्र श्रीवास्तव

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कालजयी रचनाओं की प्रासंगिकता को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जीवंत करने हेतु डॉ. गीता शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम की महत्ता को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि डॉ. हर्षवर्धन तिवारी ने ''अहम् ब्रम्हास्मि'' के गूढ़ रहस्य को सौर मंडल एवं जीव विज्ञान की भाषा में परिभाषित कर लेखनी के चमत्कार एवं महत्व को परिभाषित कर साहित्य साधना में रत होने की शुभकामनाएँ दी।

सर्जना महिला साहित्य समिति, कांकेर द्वारा विभिन्न कार्य क्षेत्रों के 28 विशिष्ट विभूतियों को उनके उल्लेखनीय कार्य हेतु ''सर्जनाश्री'' सम्मान से सम्मानित किया गया।

*श्रीमती वंदना गोपाल शैली, बलौदाबाजार-भाटापारा (साहित्य क्षेत्र) सर्जना श्री सम्मान प्रदान किया गया।

उक्त कार्यक्रम को सफल और ऐतिहासिक बनाने में सर्जना महिला साहित्य समिति के सभी सदस्यों ने पूरी कर्मठता, लगन और निष्ठापूर्वक कार्य किया। सहयोगी संस्थाएँ- संगत साहित्य परिषद, प्रगतिशील लेखक संघ, राष्ट्रीय कवि संगम,हिन्दी साहित्य परिषद एवं मंजरी साहित्य समिति के सदस्यों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, साहित्य व कला प्रेमी और पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रिजेन्द्र गंजीर और रीना लारिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन गरिमा मिश्रा द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जीएसटी विभाग की छापामार कार्यवाही अनेक प्रतिष्ठानो में

भाटापारा। शहर के विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानो मे कर अपवंचन की शिकायत पर जीएसटी विभाग के दल ने छापामार कार्यवाही की है। उपरोक्त छापामार कार्यवाही मंडी रोड़ व सदर बाजार के अनेक छड़ सीमेंट के कारोबारी के यहां की गई जिससे क्षेत्र के अन्य कारोबारियों मे भी खलबली मची हुई है। उपरोक्त कार्यवाही के संबंध मे विस्तृत जानकारी बहरहाल नहीं दी गई है।

### भाटापारा के युवा की लिखी स्क्रीप्ट पर भैया जी फिल्म का प्रदर्शन नगर में

**भाटापारा।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार रहे स्व. लक्ष्मण दास किंगरानी निवासी संत कंवराम वार्ड के सुपुत्र दीपक किंगरानी जो कि फिल्म इंडस्ट्री मे स्क्रीप्ट राईटर है उनके द्वारा लिखित फिल्म भैया जी का प्रदर्शन भाटापारा स्थित सिटी सेंटर मॉल सिनेमा घर मे प्रदर्शित किया गया है दीपक किंगरानी की रूचि प्रारंभ से हीं लेखन के क्षेत्र मे रहीं है उनके द्वारा लिखी गई यह छठी पटकथा है। किंगरानी मनोज बाजपाई के साथ फिल्म निर्माण मे भी हाथ आजमा चुके है वहीं एक बार वे जावेद जाफरी, अक्षय खन्ना जैसे फिल्म स्टारो के साथ फिल्म निर्माण के क्षेत्र मे काम कर चुके है। दीपक किंगरानी नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी व कांग्रेस नेता रोशन हबलानी के भांजा है। शहर के युवा दीपक किंगरानी के लिखी फिल्म को देखने बडी संख्या मे नगर वासी सिटी सेंटर मॉल पहुंच कर फिल्म का आनंद ले रहे है।

### कांग्रेसियों ने कांग्रेस भवन में मनाई नेहरू की पुण्य तिथि



**भाटापारा।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं.जवाहर लाल नेहरू की पुण्य तिथि पर कांग्रेस भवन मे एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे उन्हे याद करते हुये भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। उपरोक्त कार्यक्रम मे विधायक इंद्र साव, सुशील शर्मा, राजकुमार शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सुनील गुप्ता, रोशन हबलानी, रेवा पारप्यानी, नवीन बख्श, आलोक मिश्रा, मुकेश साहू, जीत शर्मा, विक्की ठाकुर, दीपक निर्मलकर, सिरीज जांगडे, महेन्द्र साहू, संजय बघेल, देवनारायण बांधे, अजय यादव, मुन्ना ठाकुर, मनमोहन कुर्रे, मोहन निषाद, लोकेश मंगलानी, ओमप्रकाश यदू, ईश्वर सेन, आकाश दुबे, उमाशंकर गुप्ता, शैलेन्द्र अहिरवार, दिवाकर मिश्रा, अशोक ध्रुव व अरूण यदू सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

### तरेंगा में नेटबॉल लीग प्रतियोगिता संपन्न



**भाटापारा।** निकटवर्ती ग्राम तरेंगा मे दो दिवसीय नेटबॉल लीग प्रतियोगिता का आयोजन हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रांगण मे किया गया। इस आयोजन मे बालक एवं बालिकाओं का अलग अलग जहां मैच कराया गया वहीं नियमित अभ्यास भी खिलाड़ियों ने किया। मैच के पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथि डॉ.सुशांत गुप्ता थे। उक्त अवसर पर गिरीश वाढेर, अरूण गुप्ता, आलोक गुप्ता, राजकुमार मल, शरद पंसारी, निर्मल जांगडे, मनोज साहू, सुमन साहू, ओमकुमार, आकाश अनंत, हीना यादव, सुमित सिंग, नेहा पटेल, डिगेश्वरी दिवाकर, स्वाति वर्मा, चित्ररेखा साहू, विरेन्द्र साहू सहित मनोज साहू सुमन शाहा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।


## रायपुर लोकसभा में बृजमोहन अग्रवाल की बड़ी जीत, सुनील सोनी के रिकॉर्ड को तोड़ा

# बंपर जीत के रिकॉर्ड पर टॉप टेन में बृजमोहन अग्रवाल, 5 लाख 75 हजार वोट से विकास उपाध्याय को हराया

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा में बृजमोहन अग्रवाल ने रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल की है। कांग्रेस के विकास उपाध्याय को उन्होंने 5 लाख 75 हजार वोट से हरा दिया है। बृजमोहन अग्रवाल को कुल 10 लाख 50 हजार 351 वोट पड़े हैं। वहीं विकास उपाध्याय को 4 लाख 75 हजार 66 वोट मिले। पिछले चुनाव में सुनील सोनी के जीत का रिकॉर्ड बृजमोहन अग्रवाल ने तोड़ दिया है। 2019 में सुनील सोनी ने 3 लाख 48 हजार 238 वोटों से प्रमोद दुबे को हराया था। इस बार तीसरे नंबर पर बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी ममता रानी रहीं। वहीं नोटा को करीब 4458 वोट पड़े। बृजमोहन अग्रवाल 1990 में 31 साल की उम्र में सबसे कम उम्र के विधायक बने और तब से लेकर अब तक के चुनावों तक लगातार 8 बार सभी चुनाव जीतते रहे हैं। अग्रवाल अब तक विधायक थे, अब सांसद बन चुके हैं। हालांकि आगे की पारी के लिए अब उन्हें मंत्री पद त्यागना होगा।








### सबसे कम मार्जिन भाटापारा, सबसे अधिक ग्रामीण से

*रायपुर लोकसभा में कुल 9 विधानसभा सीटें हैं। एक सीट भाटापारा को छोड़कर बाकी सभी 8 में भाजपा के विधायक पिछले विधानसभा चुनाव में जीतकर आए हैं। इन विधायकों के इलाकों में वोटिंग की बात करें तो भाटापारा जहां से कांग्रेस के इंद्रसाव विधायक हैं, वहां भाजपा को इस बार 95696 कांग्रेस को 74296 वोट मिले। यहां भाजपा को 21400 की मार्जिन मिली।*

### छत्तीसगढ़ में ऐसा पहली बार

बृजमोहन अग्रवाल देश के टॉप टेन विजेताओं में शामिल हैं। ऐसा पहली बार है, जब लोकसभा चुनाव में कोई प्रत्याशी 5 लाख 75 हजार वोट से जीता हो। बृजमोहन की ये जीत इसी वजह से पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय है।

## सफाई व्यवस्था फिर बिगड़ी

# राष्ट्रीय स्तर पर भाटापारा पालिका का उल्लेख सवाधिक गंदे शहर के रूप में हुआ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। प्रदेश की सबसे बडी व पुरानी भाटापारा नगर पालिका की प्रशासनिक व्यवस्था इन दिनो पूरी तरह चरमरा गई है जिससे शहर मे व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है चारो तरफ अव्यवस्था व गंदगी का माहौल सर चढकर बोल रहा है।






पालिका के जिम्मेदार राजनीतिज्ञ पक्ष विपक्ष गहरी नींद मे है वहीं प्रशासन का अमला भी सुस्त बैठ गया है इस बीच राष्ट्रीय स्तर पर भाटापारा नगर पालिका ने एक बार फिर शहर का नाम बदनाम किया है प्रदेश से उपर राष्ट्रीय स्तर पर जारी देश के सबसे गंदे शहर की सूची मे भाटापारा शहर का नाम आठवें नंबर पर पहुंच गया है जो शर्मनाक बात है देश के सबसे गंदे शहर के दस शहरो मे छत्तीसगढ राज्य के एक मात्र नगर भाटापारा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गंदे शहर के रूप मे उल्लेखित किये जाने के बाद सवर्त्र भाटापारा पालिका प्रशासन की आलोचना हो रहीं है वहीं क्षेत्रिय नागरिको ने कहा है कि भाटापारा पालिका मे भारी भरकम सुविधा व स्टाफ होने के बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था बद से बदतर स्थिति मे पहुंच गई है केवल कुछ नालियों की हीं सफाई हो रहीं है शेष स्थानो पर तो कचरो का पहाड़ जमा हो रहा है।

रेल्वे ओव्हर ब्रिज के दोनो छोर पर स्थित सर्विस रोड मे कचरा व गंदगी का अंबार लगा है इसी प्रकार हटरी बाजार पुराना अंडरब्रिज के पास लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र मे गंदगी व बदबू का ऐसा माहौल है कि वहां जाने वाले सौ बार पालिका प्रशासन को कोसते है इसी प्रकार हटरी बाजार अंडरब्रिज व टेंहका फाटक अंडरब्रिज मे गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है नगर के प्रमुख चौक चौराहे कूडे करकट कचरा के ढेर से लबालब भरा पड़ा है और तो और कल्याण सागर का ऐतिहासिक तालाब भी गंदगी की मार से जूझ रहा है जबकि उस क्षेत्र मे एक जिम्मेदार पालिका का जनप्रतिनिधि निवास करता है उसके बाद भी संपूर्ण तालाब मे जलकुंभी व नाला की बदबू मारती जल से लोग परेशान हो गये है संपूर्ण शहर का कचरा टेंहका भांठा, पंचशील नगर एवं हथनीपारा रावण भांठा के पीछे तथा लाल बहादूर शास्त्री वार्ड पटपर मे तहसील कार्यालय के सामने कचरा यार्ड बना है जहां भी घनघोर अव्यवस्था के कारण संपूर्ण कचरा सड़क तक फैलने लगा है जिसके कारण बदबू व गंदगी से लोग हलाकान है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित,
संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in